मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

## बिटकॉइन 2% से ज्यादा गिरी

### क्रिप्टो मार्केट क्रैश... 24 घंटे में 6.30 लाख करोड़ स्वाह हो गए

वेनेजुएला इफेक्ट भी क्रिप्टो मार्केट पर पड़ा



**नई दिल्ली।** गुरुवार का दिन निवेशकों के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आया। शेयर मार्केट से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक क्रैश हो गए। क्रिप्टोकरेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 24 घंटे में दो फीसदी से ज्यादा गिरकर 3.09 ट्रिलियन डॉलर रह गया। बिटकॉइन में भी दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। रिपल भी 7 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई। 24 घंटे पहले बुधवार शाम 4:30 बजे क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 3.16 ट्रिलियन डॉलर था। गुरुवार शाम 4:30 बजे यह करीब 2.36 फीसदी की गिरावट के साथ 3.09 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। ऐसे में क्रिप्टो निवेशकों के 24 घंटे में करीब 6.30 लाख करोड़ रुपए डूब गए।







# टैक्सटाइल सेक्टर में मप्र सरकार ने 25 हजार करोड़ से अधिक 'निवेश' कराया

*सीएम ने कहा कि मप्र ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्निकल टैक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा। खरगोन, बुधनी सहित जनजातीय बहुल इलाकों में टैक्सटाइल सेक्टर को बढ़ाने पर जोर।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



देश का अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन उज्जैन में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसी साल जुलाई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में मप्र सरकार पार्टनर बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उज्जैन वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री को अगला सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मप्र ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्निकल टैक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में डेढ़ दशक से चल रही टैक्सटाइल सेक्टर की वैल्यू चेन में राज्य सरकार ने 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश कराया है। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। सम्मेलन को केंद्रीय वस्त्र राज्यमंत्री पवित्रा मार्गरेटा, वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव तथा वस्त्र मंत्रालय के अपर सचिव रोहित कंसल ने भी संबोधित किया। वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के टैक्सटाइल और उद्योग मंत्री तथा अधिकारी शामिल हुए। भारत का वस्त्र उद्योग- विकास, विरासत और नवाचार का ताना-बाना की थीम पर आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया**



स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

- ***देश का अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन उज्जैन में आयोजित होगा मुख्यमंत्री ने दिया प्रस्ताव***
- ***नर्मदापुरम के हाईक्वालिटी मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन बढ़ाना शुरू***
- ***सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे***

**वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के खरगोन, बुधनी सहित जनजातीय बहुल इलाकों में टैक्सटाइल सेक्टर को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2026 में मप्र नए संकल्पों के साथ विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नर्मदापुरम के हाईक्वालिटी मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन बढ़ाना शुरू किया है।*

## खबर संक्षेप

### नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**बड़वानी।** जिले में पलसूद पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 500-500 रुपए के कुल 98 नकली नोट, एक रंगीन प्रिंटर-स्कैनर सहित अन्य सामग्री जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस नेटवर्क तलाश रही है। इस्तेमाल को लेकर पूछताछ कर रही है। गुरुवार दोपहर पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पलसूद थाना प्रभारी सुखलाल भंवर ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की।

### अगले हफ्ते लिमिट 'क्रॉस' कर देंगे ट्रंप

# भारत पर अब 500 फीसदी टैरिफ लगाएंगे ट्रंप! पूरी तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसे बिल को मंजूरी दे दी है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। इसके बाद भारत और चीन पर अमेरिकी टैरिफ बहुत ज्यादा बढ़ सकता है, कुछ मामलों में यह 500 फीसदी तक पहुंच सकता है। यह कदम यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि इस बिल पर अगले हफ्ते संसद में वोटिंग हो सकती है। सीनेटर ग्राहम के मुताबिक इस बिल से राष्ट्रपति ट्रंप को भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर दबाव बनाने की ताकत मिलेगी, ताकि वे सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करें। पिछले साल ट्रंप ने भारत से आने वाले सामान पर 25 फीसदी टैक्स लगाया था। इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स भी लगाया गया। इससे कुछ भारतीय सामानों पर कुल टैक्स 50 फीसदी तक पहुंच गया और दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई।

### चीन के साथ भी बिगड़े रिश्ते

अमेरिका और चीन के बीच भी टैक्स को लेकर तनाव बढ़ चुका है। अमेरिका ने चीन से आने वाले सामान पर 145 फीसदी तक टैक्स लगाया, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी सामान पर 125 फीसदी टैक्स लगा दिया था। हालांकि, बाद में अमेरिका और चीन ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि वे 90 दिनों के लिए अपने-अपने टैरिफ रोक देंगे और बातचीत जारी रखेंगे। समझौते के अनुसार अमेरिका चीन से आने वाले सामान पर टैक्स 145 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी करेगा। वहीं चीन अमेरिका से आने वाले सामान पर टैक्स 125 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर देगा।

# म.प्र. सरकार ने वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास में दी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव








- केन्द्रीय वस्त्र मंत्री ने की मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सराहना
- कृषि के बाद टेक्सटाइल देश में सर्वाधिक रोजगार देने वाला सेक्टर
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन म.प्र. में करने का दिया प्रस्ताव
- भारत का वस्त्र उद्योग-विकास, विरासत और नवाचार का ताना-बाना की थीम पर गुवाहाटी में शुरू हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वस्त्र उद्योग विरासत का संरक्षण करते हुए विकास की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को लेकर महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को औद्योगिक और निवेश की दृष्टि से उल्लेखनीय सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश के धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया। यहां टेक्सटाइल पार्क और उद्योगों का एक साथ लोकार्पण किया जाएगा। यह पार्क भारत को सशक्त बनाने के संकल्प की पूर्ति भी करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत आर्थिक रूप से तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने के ओर अग्रसर है। मां कामाख्या की धरती असम से आज देश के वस्त्र उद्योग को नई दिशा प्राप्त होगी। सभी राज्यों में वस्त्र उद्योग को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भारत का वस्त्र उद्योग- विकास, विरासत और नवाचार का ताना-बाना की थीम पर आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कृति, संस्कार, संसाधन और विरासत की दृष्टि से मध्यप्रदेश, टेक्सटाइल सहित अनेक उद्योगों में देश में अग्रणी है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक गतिविधियां और निवेश बढ़ाने के लिए विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत संभाग और जिला स्तर पर भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से उज्जैन, रीवा, कटनी, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में औद्योगिक विकास से जुड़ी गतिविधियों का विस्तार हुआ है। प्रदेश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई के काल से महेश्वरी, चंदेरी साड़ी जैसे सिल्क को प्रोत्साहित करने की परंपरा है। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम के हाईक्वालिटी मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास किए हैं। मध्यप्रदेश में हम टेक्सटाइल मिल, लूम हैंडलूम और स्पिंडल्स से बड़ी संख्या में महिलाओं को जोड़कर आत्म निर्भर बनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्नीकल टेक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के खरगोन, बुधनी सहित जनजातीय बहुल इलाकों में टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में डेढ़ दशक से चल रही टेक्सटाइल सेक्टर की वैल्यू चेन में राज्य सरकार ने 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश कराया है। भविष्य में इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। वर्ष 2026 में मध्यप्रदेश नए संकल्पों के साथ विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार है।

# विलुप्त जंगली भैंस प्रजाति की पुनर्स्थापना से प्रदेश की जैव विविधता में जुड़ेगा नया अध्याय : डॉ. यादव

- असम से आयेगे गैंडा के दो जोड़े, कान्हा किसली में किया जायेगा भैंस पुनर्स्थापन
- दोनों राज्यों के बीच वन्यजीवों की संख्या जिनका आदान-प्रदान किया जाना है की जानकारी आ रही है वह भी जोड़नी है।



मध्यप्रदेश एक बार फिर जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई मिसाल कायम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य में विलुप्त हो चुकी जंगली भैंस प्रजाति को को पुनर्स्थापित करने की वैज्ञानिक पहल अब अंतिम चरण में पहुँच गई है। जंगली भैंसों को असम से मध्यप्रदेश लाने की योजना है। असम से गैंडे के दो जोड़े भी प्रदेश में आयेंगे। इन्हें भोपाल के वन विहार में रखा जायेगा। मध्यप्रदेश वन विभाग बदले में असम की मांग के अनुसार 3 टाइगर और 6 मगरमच्छ स्थानांतरित करेंगे। असम के गुवाहाटी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और श्री हिमंता विश्व सरमा के बीच हुई बैठक में इस आदान प्रदान पर चर्चा हुई। इस अवसर पर दोनों राज्यों के वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चीते के बाद अब भैंस पुनर्स्थापना से प्रदेश की जैव विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा यह प्रयास एक प्रजाति के संरक्षण के साथ ही प्रदेश के जंगलों के पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सफल चीता पुनर्स्थापना के बाद जंगली भैंसों का पुनर्स्थापन से राज्य के जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा। राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण के साथ ही उन प्रजातियों की वापसी के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जो कभी इस भूमि की पहचान हुआ करती थीं। मध्यप्रदेश में जंगली भैंसों की आबादी पिछले सौ वर्षों से भी अधिक समय पहले समाप्त हो चुकी थी। अत्याधिक शिकार, मानव का जंगलों में अवैध दखल, आवास का क्षरण और घास के मैदानों का नष्ट होना इसके प्रमुख कारण रहे। वर्तमान समय में देश में जंगली भैंसों की प्राकृतिक आबादी मुख्य रूप से असम राज्य तक सीमित रह गई है। छत्तीसगढ़ में भी ये हैं, किंतु इनकी संख्या अत्यंत सीमित रह गई है।

*दोनों राज्यों के बीच जो समझौता हुआ है उसके तहत असम मध्य प्रदेश को आगामी 3 वर्ष में 50 जंगली भैंसा देगा. इसके साथ ही एक जोड़ा गेंडा हाथी और उपलब्धता अनुसार किंग कोबरा भी देगा. मध्य प्रदेश असम राज्य को एक जोड़ा टाइगर और 6 मगरमच्छ प्रदान करेगा.*







# प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण में सुरक्षित है हमारा भविष्य : प्रधानमंत्री मोदी

**चीतों को यहाँ के माहौल मे ढलने का देना होगा समय**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में नेशनल पार्क कूनो में अफीक्रा के नामीबिया से लाये गये चीतों को छोड़ कर देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में चीतों की वापसी से अब जैव विविधता की टूटी कड़ी पुनः जुड़ गई है। भारत की प्रकृति प्रेमी चेतना भी पूरी शक्ति से जाग्रत हो गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय अभ्यारण्य में चीतों को छोड़ कर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज दुनिया की पहली बड़े जंगली मांसाहारी जीव की अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण परियोजना का चीता प्रोजेक्ट के अंतर्गत शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज सौभाग्य से हमें दशकों पहले जैव-विविधता की टूटी और विलुप्त कड़ी को जोड़ने का फिर से मौका मिला है। आज भारत की धरती पर चीता लौट आया है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश नई ऊर्जा के साथ चीतों के पुनर्वास के लिए जुट गया है। अमृत में तो वो सामर्थ्य होता है, जो मृत को भी पुनर्जीवित कर देता है। मुझे खुशी है कि आजादी के अमृतकाल में कर्त्तव्य और विश्वास का ये अमृत हमारी विरासत को, हमारी धरोहरों को और अब चीतों को भी भारत की धरती पर पुनर्जीवित कर रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण में ही हमारा भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि चीतों को यहाँ के वातावरण में ढलने के लिये समय देना है। तब तक हमें धैर्य रखना होगा। मुक्त होते ही चीते सुरक्षा के लिहाज से तैयार किये गये बाड़े में विचरण करने लगे। अंतर्राष्ट्रीय गाइड लाइन के अनुसार क्वारेंटाइन पीरियड खत्म होने के बाद उन्हें जंगल स्वच्छंद विचरण के लिये आजाद किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए चीतों को देखने के लिए देशवासियों को कुछ महीने का धैर्य पूर्वक इंतजार करना होगा।



D-13013/25

जबलपुर
शुक्रवार, 9 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 20, अंक : 251
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 एशेज सीरीज में हेड ने ठोके सर्वाधिक...
विचार पेज
8 टैरिफ चुनौतियों के बीच बढ़ती....

आवारा कुत्तों का मामला



**वकील की दलील**
दिल्ली में चूहों की आबादी बढ़ रही कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं...कोर्ट ने कहा-तो क्या हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अस्पताल के गलियारों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को फिर से सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा जानवरों से होने वाले खतरों और उन्हें नियंत्रित करने में नागरिक अधिकारियों की कथित कमियों को उजागर करने वाली याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा कि दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की कि क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं। संवेदनशील स्थानों में सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पीठ ने पूछा कि अस्पताल के गलियारों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए।

**बच्चे, वयस्क सभी को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं**



फाइल फोटो

### सड़क से हर कुत्ते को हटाने का नहीं दिया निर्देश

आवारा कुत्तों के मामले पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच पीठ ने अपने पहले के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सड़कों से हर आवारा कुत्ते को हटाने का आदेश नहीं दिया गया था। नियमों के तहत उन्हें केवल संस्थागत इलाकों से हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे।

### सिब्बल ने कहा था- सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा था कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है। इसे वैज्ञानिक तरीके से करना होगा। समस्या यह है कि कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### तार के ऊपर मंडराती रही एयर एंबुलेंस



**डिंडौरी।** डिंडौरी में मरीज को एयर लिफ्ट करने पहुंची एयर एम्बुलेंस 15 मिनट तक आसमान में मंडराती रही। हेलिपैड के आसपास बिजली के तार होने से पायलट को एयर एम्बुलेंस उतारने में काफी परेशानी आई। रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर से परेशान कीर्ति चंदेल (21) को एयरलिफ्ट किया गया। पायलट के टोकने पर हेलीपैड के आसपास से तुरंत तार हटवाए। कीर्ति को डिंडौरी से भोपाल एम्स में शिफ्ट किया गया है।

### एसडीएम की विवादित टिप्पणी पर बवाल



**नलखेड़ा।** विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के पंडितों ने सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकाल के लिए हवन-अनुष्ठान बंद कर प्रदर्शन किया। आरोप है कि एसडीएम ने ब्राह्मण समाज के प्रति 'अपशब्दों' का प्रयोग किया और खुद को मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताकर दबाव बनाया। विवाद बढ़ने और कॉल रिकॉर्डिंग वायरल होने के बाद मंदिर परिसर में जमकर नारेबाजी हुई।

### एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ ड्रीमलाइनर



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने पहली बार 'लाइन फिट' बोइंग 787-9 विमान की आपूर्ति हासिल की है। यह आठ साल से अधिक समय में विमानन कंपनी के बेड़े में शामिल होने वाला पहला 'ड्रीमलाइनर' है। एयर इंडिया ने 350 एयरबस और 220 बोइंग विमान का ऑर्डर दिया। एयरबस के ऑर्डर में से 6 ए350 विमान पहले ही एयर इंडिया के बेड़े में शामिल किए जा चुके हैं।

---

**आई-पीएसी के मालिक प्रतीक जैन तृणमूल कांग्रेस के आईटी विभाग के हेड**

### कोलकाता के आई-पीएसी के ऑफिस व घर पर मनी लांड्रिंग मामले में ईडी का छापा, सीएम ममता ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

# छापेमारी के दौरान ममता उठा ले गईं फाइल, ईडी कोर्ट पहुंचा

*इस कार्रवाई को ममता ने डराने-धमकाने की कार्रवाई बताया और कहा कि यह कानून लागू करना नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कोलकाता और विधाननगर में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में सॉल्ट लेक स्थित पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पीएसी का कार्यालय, लाउडन स्ट्रीट स्थित डायरेक्टर प्रतीक जैन का आवास और बुर्राबाजार के पोस्टा में एक बिजनेसमैन का कार्यालय शामिल है। यह छापेमारी मनी लांड्रिंग मामले के सिलसिले में की गई। छापेमारी के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने प्रतीक जैन से पूछताछ भी की है। इधर, सूचना मिलते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी प्रतीक जैन के घर पहुंच गई। इसके बाद छापेमारी के दौरान वह सीधे प्रतीक जैन के घर में घुस गईं और हाथ में एक हरे रंग की फाइल लेकर बाहर आईं।



प्रतीक जैन

**इस फाइल में पार्टी की हार्ड डिस्क रणनीति और योजनाओं की जानकारी**



सीएम ममता फाइल के साथ मीडिया से बात करते हुए

### हम संयम बरत रहे हैं हमें कमजोर न समझें

ममता ने आरोप लगाया कि ईडी ने सुबह 6 बजे तलाशी अभियान शुरू किया, जब वहां कोई मौजूद नहीं था। हम गुरुवार दोपहर आई-पीएसी कार्यालय पर छापे के दौरान ईडी द्वारा टीएमसी दस्तावेजों की लूट के खिलाफ पूरे बंगाल में विरोध प्रदर्शन आयोजित करेंगे।

»» ***ईडी ने सुबह 6 बजे अपना तलाशी अभियान शुरू किया था***

»» ***विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने इसे जांच में असंवैधानिक और हस्तक्षेप करार दिया***

### टीएमसी का आंतरिक डेटा जब्त करने की कोशिश की

ममता ने हाथ में एक फाइल लिए बाहर आते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ईडी ने हमारे आईटी विभाग और उसके प्रमुख के घर और कार्यालय पर छापा मारा। वे (ईडी) सारी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने प्रतीक को फोन किया, वे मेरी पार्टी के प्रभारी हैं।

ममता का आरोप है कि ईडी ने आई-पीएसी प्रमुख के घर पर छापेमारी के दौरान टीएमसी का आंतरिक डेटा जब्त करने की कोशिश की।

### 2700 करोड़ के सिंडिकेट में ईडी की स्ट्राइक

बंगाल में ईडी की छापेमारी ने ममता बेनर्जी की नींद उड़ा दी है। ईडी यह साबित करने में जुटी है कि कोयले की कालिख का पैसा आई-पीएसी तक पहुंचा, जिसे ममता की पार्टी का दिमाग माना जाता है। कहानी शुरू होती है आसनसोल और रानीगंज की उन खदानों से, जो केंद्र सरकार की कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। सरकारी खदानों से रात के अंधेरे में हजारों टन कोयला खोदा गया और चोरी-छिपे बेच दिया गया। यह कोई छोटी-मोटी चोरी नहीं थी।

### सिंडिकेट का 'गॉडफादर'

इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड अनूप माजी उर्फ लाला था। 2000 से 2015 के बीच उस पर 16 एफआईआर हुईं, लेकिन उसका रसूख उसे हर बार बचाता रहा। कहानी में ट्विस्ट तब आया जब ईडी ने मनी ट्रेल यानी पैसों के ट्रांजैक्शन का रास्ता खंगालना शुरू किया। कोयला घोटाले से कमाए गए करोड़ों रुपए हवाला नेटवर्क के जरिए इधर-उधर किए गए। जांच में एक सिरा आई-पीएसी और उसके निदेशकों की तरफ मुड़ता दिखा। आरोप है कि सिंडिकेट का पैसा कुछ शेल कंपनियों और ट्रांजैक्शन के जरिए आई-पीएसी तक पहुंचा। इसी सबूत की तलाश में ईडी ने दिल्ली और बंगाल में 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

---

**एसपी बोले- दीवार पर कुछ लिखा है, जांच कर रहे**

## घर में लटकी 3 लाशें पति-पत्नी और डेढ़ साल की बेटी की मौत

दरवाजा तोड़कर निकाली लाशें, सुसाइड नोट नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मृतक परिवार

दमोह के तेंदूखेड़ा में गुरुवार सुबह पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बेटी के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मनीष केवट (30), पत्नी दसौदा केवट और डेढ़ साल की की बेटी आरोही के साथ तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक एक में रहता था। मनीष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। दमोह एसपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर कहा कि फिलहाल कोई स्पष्ट कारण समझ नहीं आ रहा है। पड़ोसियों और परिजन के बयान लिए जा रहे हैं। दीवार पर कुछ लिखा है, उसे भी जांच में लिया है। डॉक्टरों के पैनल से तीनों शवों का पीएम कराया जाएगा।

### बच्चे पैदा करने के लिए मुझे यूज किया, स्मिता बोलीं -परवरिश में नितीश का कोई योगदान नहीं

**भोपाल।** अब एक बार फिर टीवी के 'श्रीकृष्ण' नितीश भारद्वाज अपनी प्रताड़ना की कहानी लोगों के साथ शेयर करते नजर आए हैं। नितीश ने बताया है कि कैसे उन्हें पिछले कई सालों से अपनी दूसरी पत्नी का टॉर्चर सहना पड़ा रहा है। 2024 में पहली बार नितीश ने अपनी दूसरी पत्नी स्मिता पर मानसिक प्रताड़ना देने और बेटियों से मिलने से रोकने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। नितीश ने साफ कहा है कि अब उनके रिश्ते में कुछ भी नहीं बचा है और वह पत्नी स्मिता को तलाक देना चाहते हैं। उनकी पत्नी ने उन्हें सिर्फ बच्चे पैदा करने के लिए इस्तेमाल किया। बच्चों से उनकी बॉन्डिंग तक नहीं बनने दी गई।




---

**रीवा जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी**

## वकीलों के चेंबर खाली कराए गए प्रिंसिपल डीजे को मिला था ई-मेल

कहां से आई धमकी जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा में गुरुवार को नए जिला कोर्ट भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया।

धमकी भरा ई-मेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रिंसिपल डीजे ने यह मैसेज एसपी को फॉरवर्ड किया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। धमकी भरा ईमेल सुबह साढ़े 8 बजे मिला। जिसमें दोपहर ढाई बजे तक की मोहलत देने की बात की गई थी।



जांच करते हुए अधिकारी

**दावोस में करेंगे वैश्विक निवेश संवाद**

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 18 से स्विटजरलैंड के दौरे पर रहेंगे

19 जनवरी से आयोजित विश्व आर्थिक फोरम की वार्षिक बैठक में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



डॉ. मोहन यादव

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 19 से 23 जनवरी 2026 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसमें हिस्सा लेने 18 जनवरी को स्विटजरलैंड जाएंगे और मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों की जानकारी देंगे। विश्व आर्थिक मंच 2026 का विषय 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' और 'अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ' रखा गया है, जिसके अंतर्गत वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। डॉ. यादव की दावोस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना, वैश्विक उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना और राज्य के प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश के नए अवसरों को आगे बढ़ाना है।

## दीपू दास का हत्यारा गिरफ्तार शेखबारी मस्जिद में इमाम था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में 18 दिसंबर को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की लिंचिंग कर दी गई थी। इस मामले में अब बांग्लादेश पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मैमनसिंह जिले के भालुका में हुई दीपू चंद्र दास लिंचिंग मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एडमिनिस्ट्रेशन) अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि भालुका के रहने वाले 25 वर्षीय मोहम्मद यासीन अराफात को बुधवार दोपहर ढाका के डेमरा पुलिस स्टेशन के सरुलिया इलाके से गिरफ्तार किया गया। अराफात काशर में शेखबारी मस्जिद में इमाम के तौर पर काम करता था और मदीना तहफीजुल कुरान मदरसा में पढ़ाता भी था। अराफात ने दीपू चंद्र दास पर हमले का नेतृत्व किया था। 18 दिसंबर को लोगों की एक भीड़ ने कथित तौर पर एक हिंदू व्यक्ति दीपू चंद्र दास को ईशनिंदा का आरोप लगाकर पीट-पीटकर मार डाला। यही नहीं उसे पीट-पीटकर मारने के बाद हमलावरों ने उस युवक के शव को एक पेड़ से बांध दिया और आग लगा दी। बांग्लादेश में जब से छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद से ही अशांति फैली हुई है।

---

**अग्रवाल की कुल नेटवर्थ 4.2 अरब डॉलर, जो भारतीय रुपए में लगभग 35,000 करोड़**

वेदांता, माइनिंग, पावर और ऑयल जैसे बड़े सेक्टर में काम करती है और भारत के साथ विदेशों में भी कंपनी की मौजूदगी

## बेटे के निधन के बाद वेदांता चेयरमैन अग्रवाल दान करेंगे 75% संपत्ति, बोले-सादगी से जीऊंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल इस वक्त अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। बेटे अग्निवेश अग्रवाल के अचानक निधन ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया है। इस गहरे दुख के बीच उन्होंने एक बड़ा फैसला दोहराया है, जिसने सबका ध्यान खींचा है।

अग्रवाल ने कहा है कि वह अपनी कमाई का 75 फीसदी से ज्यादा हिस्सा दान करेंगे। इसे वह समाजिक कामों में लगाएंगे और आगे की जिंदगी और भी सादगी से जीएंगे। उन्होंने यह वादा अपने बेटे अग्निवेश से किया था। उन्होंने कहा कि जो भी कमाया है, उसका बड़ा हिस्सा समाज को लौटाया जाएगा। बेटे के जाने के बाद उन्होंने यह संकल्प और मजबूत किया है और कहा है कि अब उनकी बाकी जिंदगी इसी मकसद के लिए होगी।



फाइल फोटो

### बेटी प्रिया के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी

उनकी बेटी प्रिया अग्रवाल वर्तमान में वेदांता और हिंदुस्तान जिंक के बोर्ड में शामिल हैं और हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन के तौर पर बड़ी जिम्मेदारियां संभाल रही हैं। बिजनेस में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है और आने वाले समय में वेदांता की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर रहने की उम्मीद है।

### संपत्ति दान की प्रेरणा मां से मिली थी

अग्रवाल के जीवन में दान और सेवा की भावना उनके बचपन के उन दृश्यों से आई है, जिन्हें उन्होंने पटना के गंगा घाटों पर देखा था। वे अपनी मां के संस्कारों को अपने साम्राज्य की नींव मानते हैं। उन्होंने बताया था कि जब उनकी मां और अन्य महिलाएं छठ पूजा के दौरान गंगा जी में अर्घ्य देने जाती थीं, वे देखते थे कि कैसे उनकी मां गंगा जी का पानी अपनी अंजलि में उठाती थीं और मंत्रोच्चार के साथ वापस गंगा जी में ही अर्पित कर देती थीं।



अगले साल सरकार का राजस्व बढ़ाने को लेकर प्लानिंग होगी पेश

# योजनाओं में कितना पैसा बांटा, बताएगी सरकार, वित्त विभाग ने विभागों से मांगे बजट भाषण के प्रस्ताव, शहर झुग्गीमुक्त करने का अफसर देंगे ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अलग-अलग योजनाओं में कितना पैसा एक साल में बांटा है और कितने लोगों को रोजगार देने का काम किया गया है, इसकी जानकारी देने के लिए विभागों से कहा गया है। शहरों को झुग्गीमुक्त बनाने के लिए हुई कार्रवाई की जानकारी भी मोहन सरकार नागरिकों को मार्च में पेश होने वाले बजट में देगी। विभाग यह भी बताएंगे कि अगले साल सरकार का राजस्व बढ़ाने को लेकर उनकी क्या प्लानिंग है।

इन बिन्दुओं के साथ वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट की तैयारी में जुटे वित्त विभाग ने सभी विभागों से बजट भाषण में शामिल किए जाने वाले प्रस्तावों की जानकारी 15 जनवरी तक भेजने को कहा है। इसमें सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसरों से कहा गया है कि नई योजनाओं की जानकारी भी इसमें शामिल किया जाना है। इसलिए विभागवार नई योजनाओं की डिटेल भी भेजना है।


फाइल फोटो

### 15 जनवरी से पहले भेजनी है जानकारी

विभागों से कहा गया है कि बजट भाषण के लिए गो-वंश संवर्धन एवं संरक्षण, गो-चर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए की गई कार्रवाई और कितनी भूमि तथा कितने मूल्य की भूमि अतिक्रमण से मुक्त हुई है, इसका ब्यौरा भी देना होगा। यह जानकारी 15 जनवरी से पहले भेजनी है।

### यह जानकारी देंगे हर विभाग

वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक विभाग के कुल बजट में से कितनी राशि खर्च हुई। विभाग में संचालित योजनाओं के लक्ष्य व उपलब्धि की क्या स्थित रही।

### सुगम ग्रामीण परिवहन, नागरिक सुविधाओं के लिए विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग की कार्रवाई बताना होगा

वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि झुग्गीमुक्त मध्यप्रदेश के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी दी जाए। इसके साथ ही सुगम ग्रामीण परिवहन, ई-परिवहन, नागरिक सुविधाओं के लिए विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग तथा शासकीय कर्मचारियों के कल्याण के लिए की गई कार्रवाई का विवरण भी देना होगा। छोटे और मंझोले उद्यमों के विकास के लिए किए गए कार्य, विशेष उपलब्धियां, नवाचार और राजस्व वृद्धि से जुड़े प्रयासों की जानकारी भी मांगी गई है। आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभागों द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा भी देना होगा।

### विभागों से यह जानकारी भी मांगी गई

- मध्यप्रदेश में केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं केन्द्रीय क्षेत्रीय योजनाओं की स्थिति व प्रगति कैसी है।
- विभाग में कौन सी नई योजनाएं शुरू की जानी है, उसका तथ्यात्मक ब्यौरा देना होगा।
- विभागों द्वारा पर्यावरण, वन, भूमि एवं जल स्त्रोतों का बेहतर प्रबंधन व संरक्षण के लिए किए गए काम बताने हैं।
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की क्या प्रगति है, इसकी जानकारी देना है।
- जन-स्वास्थ्य, कुटीर व ग्रामोद्योगों के विकास व संरक्षण के लिए क्या कार्रवाई की गई।
- औद्योगिक नीति व निवेश प्रोत्साहन, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की धरोहरों व पर्यटन स्थलों का संरक्षण व संवर्धन, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा के लिए क्या कार्रवाई हुई है।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया विचार-विमर्श

# शासकीय कार्यालयों में पांच दिवसीय सप्ताह की व्यवस्था तभी, जब सुबह 10 बजे कार्य शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में 5 दिनी व्यवस्था तभी आगे संचालित होगा, जब यह सुनिश्चित कराएं कि सभी कर्मचारी सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय पहुंचें। इसके लिए कार्यालय अवधि भी बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को आगे संचालित करने के लिए कार्यालयीन समय बढ़ाना जरूरी है। यह व्यवस्था तभी कारगर साबित हो सकती है, जब सभी शासकीय सेवक इस नियम का पालन करें। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से कार्य शुरू हो, इसके लिए बायोमीट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लिया जाए।

- बायोमीट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लेने के निर्देश

इससे अनुशासन के साथ कार्य निष्पादन में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों की मंत्रालय में आयोजित बैठक में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2026 के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण परियोजनाओं और अन्य कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए यह बैठक आयोजित थी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के साथ बैठक में समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव सहित पुलिस तथा भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से होगा शुरू


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सीएम।

### गति देने के लिए मिशन मोड में काम करना होगाः डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष उपलब्धियों से परिपूर्ण रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी प्रदेश की प्रगति और उन्नति को सराहा है। इसमें सभी विभागों के संबंध समन्वित प्रयासों का योगदान रहा। प्रदेश में विकास और उन्नति को अधिक गति देने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। प्रदेश में विकास गतिविधियों का तेजी से क्रियान्वयन हो और जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों को सुगमता से लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही तय करने की व्यवस्था को सशक्त करना होगा।*

### सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के सतत संपर्क में रहें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार विकास और जनकल्याण गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रही है। सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के सतत संपर्क में रहें। राज्य की प्रगति और योजनाओं तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से केंद्र शासन को समय रहते अवगत कराएं। इससे प्रदेश में विकास और जन-कल्याण गतिविधियों के बेहतर और त्वरित संचालन में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आगामी 5 वर्ष की कार्य योजना तैयार करने के साथ 3 वर्ष के बजट अनुमान की व्यवस्था भी की जा रही है। सड़क, अस्पताल, सिंचाई परियोजना, सार्वजनिक भवन निर्माण की समेकित योजनाएं बनाकर उनका दस्तावेजीकरण किया जाए।

### 12 जनवरी से 31 मार्च संकल्प से समाधान अभियान-1 शुरू, घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी से 31 मार्च संकल्प से समाधान अभियान-एक शुरू किया जा रहा है। यह अभियान 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित होगा। शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का अंतिम निराकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से हो। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। इसमें क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा, इसमें ब्लॉक स्तर पर अनिराकृत शेष आवेदन, शिकायतों और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। चतुर्थ चरण जिला स्तर पर 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लाल सलाम को अंतिम सलाम कहने के लिए मप्र पुलिस की सराहना की।

### हमारा लक्ष्य समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेशः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 औद्योगिक विकास की दृष्टि से सफल रहा है। वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। हमारा लक्ष्य समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश है। यह गतिविधि, किसी एक या 2 विभाग की न होकर 15 से अधिक बड़े विभागों का संयुक्त अभियान होगी। कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ही उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नवकरणीय ऊर्जा, मत्स्य पालन, ऊर्जा विभाग, राजस्व, वन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन के साथ ही मंडी बोर्ड, दुग्ध संघ आदि को समन्वित रूप से गतिविधियां संचालित करना होंगी।

---

मुख्यमंत्री निवास में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम


संवाद कार्यक्रम में युवा के सवाल का जवाब देते सीएम डॉ. मोहन।

# सटीक भाषण को लेकर युवा ने प्रश्न पूछा, सीएम बोले कक्षा-कोर्स के अलावा बहुत कुछ सीखना-समझना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी सहजता के साथ उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। ग्वालियर के सोमेश ने यह जानना चाहा गया कि एक सटीक भाषण में कौन-कौन से अवयव होने चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में स्वाध्याय करते हुए ज्ञान अर्जन करेंगे तो भाषण की गुणवत्ता स्वतः बढ़ जाएगी। कक्षा में पढ़ाई तो आवश्यक है, लेकिन कक्षा और पाठ्यक्रम के अतिरिक्त भी बहुत कुछ सीखना-समझना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में युवाओं से संवाद कर रहे थे।

इस वर्ष नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के 47 युवा, विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम और 29 युवाओं का दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता करेगा। मुख्यमंत्री से संवाद के लिए ये युवा मुख्यमंत्री निवास पधारे थे। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वंदे-मातरम के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। सुश्री साक्षी पटेरिया ने मुख्यमंत्री स्वागत किया। कार्यक्रम में सुश्री अंशिका मिश्रा ने गीता उपदेश के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया। युवा संवाद कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग एवं खेल संचालक राकेश गुप्ता भी उपस्थित थे।

**◆ मुख्यमंत्री ने 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव एवं विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम में शामिल होने वाले युवाओं से किया संवाद**

### युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे

*अनूपपुर के प्रियांशु ने पूछा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए क्या प्रयास कर रही है, क्या इसमें स्टार्ट-अप की कोई संभावनाएं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारे युवाओं का व्यवसाय के साथ खेती और खासतौर से प्राकृतिक खेती की ओर जुड़ाव भी रूझान दिख रहा हैं, यह प्रशंसनीय है। राज्य में सभी प्रकार के मोटे अनाज (श्रीअन्न) की अच्छी उत्पादकता है। प्राकृतिक खेती के लिए देशी खाद भी जरूरी है। इसके लिए गोपालन और दूध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में देशी गोपालन को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। ब्राजील जैसा छोटा देश गोपालन के माध्यम से आगे बढ़ने का बड़ा उदाहरण है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने उपकार फिल्म का उल्लेख करते हुए जय जवान-जय किसान के माध्यम से किसानों की महत्ता के बारे में भी युवाओं से चर्चा की।*

---

नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रामपानी में हुई हृदयविदारक घटना

# पत्नी, मां, बहन और बच्चों ने मिलकर की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



शराब की लत ने एक परिवार को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया, जहां पति की रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी, माँ, बहन और बच्चों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। यह हृदयविदारक घटना कांकेर जिले के नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रामपानी में हुई, जहाँ भगवान सिंह नामक व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर घर आता था और अपने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था।

भगवान सिंह का यह व्यवहार उसके परिवार के लिए रोज़ का दर्द बन गया था। मंगलवार को भी वह नशे में धुत होकर घर आया और पत्नी व बच्चों से मारपीट करने लगा। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो भगवान सिंह ने आक्रोश में आकर टंगिया से जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा कि अगर मारना है तो आज ही मार डालो, नहीं तो मैं टंगिया से सबको खत्म कर दूंगा। इस धमकी ने वर्षों से डर और यातना सह रहे परिवार को झकझोर कर रख दिया। भय, गुस्सा और असहायता के बीच रिश्तों की मर्यादा टूट गई और परिवार ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे भगवान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस कर रही जांच

घटना की सूचना मिलते ही नरहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक पूछताछ में परिवार के सदस्यों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने मृतक की माँ, पत्नी, बहन, पुत्र और पुत्री को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है और हत्या के पीछे की वजह शराब की लत बताई जा रही है।

---

बढ़ाई गई न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था, भारी पुलिस बल तैनात

परिसर में अफरा तफरी का माहौल

# अज्ञात मेल से मिली राजनांदगांव कोर्ट में बम लगाए जाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला न्यायालय परिसर में बम रखे होने की धमकी भरा एक मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया और एहतियातन न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया।

वकीलों और आम नागरिकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। इस धमकी भरे मेल के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल



बन गया था। धमकी की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। न्यायालय परिसर को खाली कराने के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बम निरोधक दस्ते (बम स्क्वॉड) और अन्य सुरक्षा टीमों को मौके पर बुलाया गया, जो सघन तलाशी अभियान चलाती रही। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर रखी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए गए। कोर्ट परिसर खाली कराकर की जांच फिलहाल, बम निरोधक दस्ते और पुलिस द्वारा पूरे न्यायालय परिसर की जांच की गई। यह धमकी एक अज्ञात मेल के माध्यम से जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भेजी गई थी।

---

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गेरवानी के पास की घटना

ट्राले को ओवरटेक करते समय हुई दर्दनाक वारदात

# ट्राले की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में गुरुवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गेरवानी के पास हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ जब बाइक सवार युवक एक तेज रफ्तार ट्रेलर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान



अनियंत्रित ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक दोनों युवक बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले थे और रायगढ़ क्षेत्र के किसी प्लांट में काम करते थे। वे दोपहर के समय रायगढ़ से घरघोड़ा की ओर जा रहे थे।

---

## 5 हजार करोड़ की लागत से 625 किमी लंबाई में विकसित होंगे मार्ग, मध्यप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर होंगे नजदीक

मप्र को निरंतर मिल रही सड़क एवं राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात

# टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर से जुड़ेंगे मध्यप्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में मप्र सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य है। मप्र में सर्वाधिक टाइगर रिजर्व भी हैं। प्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में वन्यजीव पर्यटन स्थलों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है।

इसे टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर नाम दिया गया है। राज्य सरकार वन्यजीवों और पर्यटन को प्रोत्साहन दे रही है। मप्र की भौगोलिक स्थिति के कारण टाइगर कॉरिडोर एक प्रकार से पड़ोसी राज्यों के लिए भी बड़ी सौगात होगी। व्यावसायिक एवं अन्य सभी जरूरी गतिविधियों के लिए यह मार्ग सुगमता पूर्वक उपलब्ध रहेगा। प्रदेश में प्रमुख टाइगर रिजर्व को आपस में जोड़ने वाली सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि टाइगर रिजर्व पेंच से कान्हा, कान्हा से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से पन्ना को परस्पर जोड़ने वाली सड़कों की लम्बाई 625 किमी होगी। मार्गों के उन्नयन और विकास पर 5 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिल रही हैं। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद यह क्षेत्र वन्यप्राणी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मप्र सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मप्र को निरंतर महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं।

**दिसंबर-2027 तक पूर्ण होंगी अनेक सड़क परियोजनाएं**

### दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मप्र की पहुंच आसान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के माध्यम से मप्र को राजमार्गों की सौगात मिली है। मप्र में ग्वालियर, भिंड, श्योपुर सहित चंबल पूरे बेल्ट को अटल प्रगति पथ का लाभ मिलेगा। यह चंबल क्षेत्र को उत्तरप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। अटल प्रगति पथ के निर्माण से क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योगों


फाइल फोटो।

और पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल प्रगति पथ की लागत लगभग 12 हजार करोड़ रुपए है। इसके प्रारंभ होने से मप्र से दिल्ली-एनसीआर की दूरी घटकर लगभग 3 से 4 घंटे रह जाएगी। साथ ही इससे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मप्र की पहुंच आसान होगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के रूप में बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रूप में बड़ी सौगात मिली है, जिसकी लागत 9716 करोड़ है। इसके अलावा भोपाल-इंदौर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर और इंदौर-धुले-पुणे परियोजनाएं विकसित भारत @2047 के लक्ष्य हासिल करने में सहायक सिद्ध होंगी। हाल ही में केंद्रीय मंत्री गडकरी से भविष्य में चारों दिशाओं में कई प्रकार के मार्गों को सुदृढ़ करते हुए निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ है। परियोजनाओं के लिए समयबद्ध रोडमैप तय किया गया है। सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परियोजनाओं को दिसंबर 2027 तक पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निश्चित की गई। खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण की जाएं। परियोजनाओं में गति और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से निरंतर समीक्षा बैठक भी की जाएगी।

### वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मी से मारपीट व वर्दी फाड़ने के आरोप का मामला

# जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो वे आम जनता को कैसे सुरक्षा देंगे

**हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी : पूर्व महापौर प्रभात साहू सहित अन्य को नोटिस जारी**

### नेता के स्थान पर पीड़ित पुलिस कर्मी के विरुद्ध दर्ज एफआइआर को दी गई है चुनौती



**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के पूर्व महापौर प्रभात साहू व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मामला राजनीतिक दबाव में पीड़ित पुलिस कर्मी के ही विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर लिए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो वे आम जनता को कैसे सुरक्षा देंगे? कोर्ट ने नेताओं के दबाव में पुलिस अधिकारियों द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। वाहन चेकिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी से मारपीट और उसकी वर्दी फाड़ने के मामले में उल्टे उसी पुलिसकर्मी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किए जाने को हाईकोर्ट ने गंभीर लापरवाही निरूपित किया। जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह सवाल भी उठाया कि वीडियो वायरल होने और पुलिस कर्मी की शिकायत से आरोपियों की पहचान स्पष्ट होने के बावजूद नेताओं के नाम एफआइआर में क्यों नहीं जोड़े गए और मामला अज्ञात के विरुद्ध क्यों दर्ज किया गया। हाईकोर्ट ने पूरे मामले को पुलिस विभाग का मनोबल गिराने वाला बताया। साथ ही आगामी सुनवाई में लार्डगंज थाना प्रभारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दोनों काउंटर एफआइआर की केस डायरी पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### हाईकोर्ट का फैसला : सरकार को पैसा लौटाने के निर्देश

### परिवीक्षा अवधि में वेतन कटौती अवैधानिक

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में प्रोबेशन पीरियड (परीविक्षा अविध) के दौरान वेतन कटौती को अवैधानिक घोषित करते हुए प्रदेश के हजारों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि जिन कर्मचारियों से इस अवधि में वेतन काटा गया है, उन्हें एरियर्स सहित पूरी राशि लौटाई जाए. हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस दीपक खोट की युगलपीठ ने कहा कि जब सरकार कर्मचारियों से 100 प्रतिशत काम ले रही है तो प्रोबेशन के नाम पर वेतन में कटौती का कोई औचित्य नहीं है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रोबेशन अवधि में भी श्समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत पूरी तरह लागू होगा। हाईकोर्ट ने सामान्य प्रशासन विभाग का 12 दिसंबर 2019 को जारी परिपत्र निरस्त कर दिया है. जिसके तहत नई भर्तियों में प्रोबेशन के पहले वर्ष 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 80 प्रतिशत व तीसरे वर्ष 90 प्रतिशत वेतन दिया जा रहा था।

#### क्या था विवादित नियम

विवाद की जड़ 12 दिसंबर 2019 को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया वह परिपत्रथा, जिसके तहत नई भर्तियों के लिए कड़े नियम लागू किए गए थे। इस नियम के अनुसार, कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से नियुक्त तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रोबेशन के पहले वर्ष में कुल वेतन का केवल 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 80 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 90 प्रतिशत वेतन दिया जा रहा था। इसके साथ ही उनकी प्रोबेशन अवधि भी 2 साल से बढ़ाकर 3 साल कर दी गई थी।



# खरीदी केंद्र पर बेचने के इरादे से ट्रेक्टर और ट्रक में लाई जा रही 911 बोरी धान जप्त

### अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जप्त

**हरिभूमि, जबलपुर।** धान उपार्जन की अंतिम तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है किसानों की आड़ में धान बेचने की बिचौलियों और व्यापारियों की कोशिशों को नाकाम करने प्रशासन की सख्ती भी बढ़ती जा रही है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर उपार्जन व्यवस्था से जुड़े अधिकारी जहाँ देर रात तक खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं धान का अवैध परिवहन रोकने जिले के प्रवेश मार्गो पर निगरानी भी बढ़ा दी गई है। इसी के साथ खरीदी केंद्रों की दिन रात की गतिविधियों पर नजर रखने कोटवारों को भी तैनात कर दिया गया है।

धान उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने की प्रयास करने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के तहत जिला आपूर्ति नियंत्रक, प्रमोद कुमार मिश्र ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुंजन सिंह राजपूत एवं सिद्धार्थ राय के साथ कल बुधवार की देर रात पाटन क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नरसिंहपुर जिले से बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के सोनालिका कम्पनी के ट्रेक्टर में लोड कर शहपुरा उपार्जन केंद्र लाई जा रही 140 बोरी धान को जप्त किया है। धान नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव तहसील के ग्राम बेलखेड़ी के बबलू लोधी द्वारा लाई जा रही थी। ट्रेक्टर को मयधान कृषि उपज मण्डी समिति पाटन की अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा कराया गया। इसी प्रकार बुधवार की देर रात को ही पाटन के समीप ट्रक को 771 बोरी में 316.20 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते हुये पकड़ा गया। जाँच के दौरान कांटा पर्ची के अतिरिक्त कोई दस्तावेज नहीं पाये जाने तथा ड्राईवर वाहिद खान द्वारा धान के परिवहन के संबंध में कोई जानकारी नहीं दिये जाने पर इस ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 9328 को धान सहित कृषि उपज मण्डी पाटन की अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा कराया गया।



## कलेक्टर व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुभाष वार्ड पहुंचकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही जेल के पाकशाला, हॉस्पिटल, ई-संजीवनी, टेली मेडिसन, ई-कोर्ट तथा सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन किया। इस दौरान जेल अधीक्षक भी मौजूद थे।

# अनर्गल प्रचार पर अब चुप नहीं रहेगी कांग्रेस

### इंदिरा ज्योति यात्रा जबलपुर पहुंची

**जबलपुर।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने की राजपत्र में 12 जुलाई 2024 को प्रकाशित अधिसूचना के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ अनर्गल प्रचार किए जाने के विरोध में 19 नवबंर 2024 को इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती को संकल्प दिवस के रुप में मनाने के लिए बड़े परिवर्तन के लिए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति यात्रा की शुरुआत की गई। यह यात्रा 8 जनवरी गुरुवार को जबलपुर पहुंची। इस अवसर पर यात्रा के प्रमुख भास्कर राव गोखड़े, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र ठाकुर ने यहां पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि 4 वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान मप्र छत्तीसगढ व राजस्थान में चलाया जा रहा है। आगामी 24 जनवरी को भारतीय सशक्त महिला दिवस




आयोजित किया जाएगा और उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नेहरु गांधी के खिलाफ अनर्गल प्रचार कर रही है और हर वर्ग में नफरत फैला रही है। कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी। इस अवसर पर इंदिरा ज्योति यात्रा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर इंदिरा ज्योति यात्रा के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा रितेश अग्रवाल टीकाराम कोष्टा प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) श्रीमती कमलेश यादव इंदिरा पाठक तिवारी रविंद्र गौतम अभिषेक यादव अलीम मंसूरी प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओबीसी विभाग आदि मौजूद रहे।

# 2 स्कूटी में भिडंत, 1 का चालक घायल



**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत हरदौल मंदिर के सामने दीक्षितपुरा में दो स्कूटी की आपस में भिडंत हो गई। जिसमें एक स्कूटी चालक घायल हो गया। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धनगर हनुमानताल निवासी 20 वर्षीय गौरव नामदेव गत दिवस केयर अस्पताल से अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, तभी हरदौल मंदिर के सामने दीक्षितपुरा में रात 10.20 बजे स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस सी 8512 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए सामने से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया उसके हाथ में चोटें आ गयी। पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## धान उपार्जन : किसान अब 13 जनवरी तक बुक कर सकेंगे स्लॉट

### 55 हजार किसानों में से अभी तक 51 हजार 600 किसानों ने कराये स्लॉट बुक

**जबलपुर।** राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को देखते हुये समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की अवधि 13 जनवरी तक बढ़ा दी है। ऐसे किसान जिन्होंने अभी तक स्लॉट बुक नहीं किये हैं, वे अब 12 और 13 जनवरी को भी स्लॉट बुक कर सकेंगे। इसके पहले शासन द्वारा स्लॉट बुक करने की अवधि 9 जनवरी तय की गई थी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र जिले के उन सभी किसानों से 13 जनवरी तक ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से स्लॉट बुक करने का आग्रह किया है, जिन्होंने अभी तक अपनी उपज का विक्रय करने स्लॉट बुक नहीं किये हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक जिले में 55 हजार 091 किसानों ने धान का विक्रय करने अपना पंजीयन कराया गया है और इनमें से अभी तक 51 हजार 609 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक के अनुसार जिले में अभी तक 42 हजार 805 किसानों से 30 लाख 43 हजार 538 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जित मात्रा में से 91.46 प्रतिशत धान का परिवहन भी हो गया है तथा किसानों को अभी तक 482.53 करोड़ रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से प्रारंभ हुआ था और 20 जनवरी तक किसानों से धान खरीदी जायेगी। किसानों से धान के उपार्जन के लिये जिले में 89 खरीदी केंद्र बनाये गये हैं। समर्थन मूल्य पर इस वर्ष चार लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है।

## सूने घर से लाखों के जेवरात ले गए चोर

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अतंर्गत नव निवेश कालोनी लाल बिल्डिंग के पीछे संजीवनीनगर में जन्मदिन मनाने पुरवा गए एक परिवार के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। संजीवनी नगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नव निवेश कालोनी लाल बिल्डिंग के पीछे निवासी 41 वर्षीय महेश विश्वकर्मा गत रात 9 बजे परिवार सहित घर में ताला लगाकर अपने भाई शरद विश्वकर्मा के घर भतीजे के जन्मदिन में पुरवा गया था। जहां से दूसरे दिन घर वापस आया तो दरवाजे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर रखी अलमारी का लॉकर खुला था जिसमें रखी रखी सोने की झुमकी, पांचाली, लॉकेट, लौग, चांदी की 3 जोडी पायल, 2 करधन, 20 चूडियॉ, 8 अंगूठी, 8 जोड बिछिया, 1 चेन, 1 कडा, 1 हार, गणेश जी की मूर्ति, 3 सिक्के, 1 तोडर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ट्रीटमेंट के बाद ही नर्मदा नदी में मिल रहा पानी

### निरीक्षण : निगमायुक्त ने एसटीपी प्लांट का जायजा लिया



**जबलपुर।** मां नर्मदा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को जबलपुर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गौरीघाट स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का तकनीकी अधिकारियों के साथ सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौरीघाट के समीपवर्ती बस्तियों से निकलने वाले गंदे पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया।

### शुद्धिकरण के बाद ही नदी में मिल रहा पानी

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि शोधन प्रक्रिया के पश्चात ही नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा पानी पूर्णतः साफ और स्वच्छ पाया गया। आयुक्त श्री अहिरवार ने ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन गुणवत्ता मानकों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए उन्होंने मौके पर ही पानी के सैंपल लिए और उन्हें विस्तृत वैज्ञानिक जांच हेतु तत्काल प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए।

**अधिकारियों की टीम रही मौजूद**

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ विशेषज्ञों और अधिकारियों में देवेंद्र सिंह चौहान अपर आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग,अंकिता बर्मन स्वास्थ्य अधिकारी एवं संजय सिंह सहायक यंत्री आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों की उपस्थिति के साथ पढ़ाई पर हो पूरा फोकस

**डीईओ ने किया शहपुरा के स्कूलों का निरीक्षण**



**जबलपुर।** परीक्षा समीप है तथा सभी विद्यालयों मे गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो, इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा पूरे जिले मे लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे है, आज इसी क्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा शहपुरा विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल मनकेड़ी, शासकीय उत्कृष्ट उमावि बेलखेड़ा, शा कन्या उमावि बेलखेड़ा, शास कन्या उमावि शहपुरा, शास उत्कृष्ट उमावि शहपुरा का निरीक्षण किया गया। शासकीय हाईस्कूल मनकेडी मे निरीक्षण के दौरान शिक्षक शिक्षिकाये कक्षा मे पढ़ाई कराते नहीं मिले। बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम है,पढ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया.उपस्थिति बढ़ाने हेतु पालको को देने नोटिस बने थे परन्तु पालकों को भेजा नहीं गया था एवं पालकों को बच्चों की उपस्थिति हेतु प्रेरित नहीं किया गया है। बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा की कॉपीया विधिवत चेक नहीं की गयी थी। प्री बोर्ड की कापियों के मूल्यांकन मे भी विलम्ब किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य की डायरी भी नहीं बनी पाई गयी। शिक्षक डायरी एवं डेटा रजिस्टर भी सही संधारित नहीं पाया गया।

### 1 महीने से अतिथि शिक्षक नदारद

शासकीय उत्कृष्ट उमावि बेलखेड़ा के निरीक्षण मे बच्चों की उपस्थिति यहाँ भी कम है, डेली डायरी, स्टूडेंट डेटा रजिस्टर अपूर्ण पाया गया,अध्यापन कार्य विधिवत नहीं कराया जा रहा है,अतिथि शिक्षक सुनीता ठाकुर एक महीने से अनुपस्थित है., कक्षा दसवीं मे अर्धवार्षिक परीक्षा मे अधिकांश बच्चें फेल पाए गये, जिससे प्रतीत होता है कि विद्यालय मे पढ़ाई कि गुणवत्ता सही नहीं है।

### बच्चों की उपस्थिति मिली कम

शासकीय कन्या उमावि बेलखेड़ा के निरीक्षण मे बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गयी, शिक्षकों के द्वारा पालकों से सम्पर्क करने निर्देशित किया गया, प्रयोगशाला मे जाकर बच्चों से प्रयोग की जानकारी लीं, प्रयोगशाला अव्यवस्थित पाई गयी कक्षाओ मे होमवर्क देकर शिक्षक स्टॉफ रूम मे बैठे थी,व्यवसायिक एवं अतिथि शिक्षकों के द्वारा अध्यापन कार्य मे रूचि नहीं लीं जा रही है। शासकीय उत्कृष्ट उमावि बालक शहपुरा मे निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति अत्यंत न्यून रही है। शासकीय कन्या उमावि शहपुरा मे शाम 4:10 बजे निरीक्षण मे विद्यालय के प्राचार्य अनुपस्थित थे तथा स्कूल मे एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था , बाकि अन्य शिक्षक शिक्षिकाये विद्यालय बंद कर घर जाने की तैयारी मे थे।

# प्रख्यात कथाकार और 'पहल' के संपादक ज्ञानरंजन पंचतत्व में विलीन



**जबलपुर।** प्रगतिशील वैचारिक विकास के लिए संकल्पित साहित्यिक पत्रिका 'पहल' के संपादक और विख्यात कथाकार ज्ञानरंजन पंचतत्व में विलीन हो गए। बुधवार पूर्वान्ह नर्मदा तट गौरीघाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। कल रात्रि लगभग 10.30 बजे उनका 90 वर्ष की आयु में जबलपुर में निधन हो गया था। उनके निधन से हिंदी साहित्य के एक महत्वपूर्ण युग का अंत हो गया है।ज्ञानरंजन को एक अप्रतिम कथाकार, सशक्त गद्यकार और यशस्वी संपादक के रूप में जाना जाता है। उनके जाने से देश की प्रगतिशील साहित्यिक चेतना का एक सशक्त स्वर शांत हो गया। वे साठोत्तरी कहानी आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षरों में गिने जाते थे। उनकी पहली कहानी 'दिवास्वप्नी' थी। इसके बाद 'कबाड़खाना', 'क्षणजीवी', 'सपना नहीं', 'फेंस के इधर और उधर' तथा 'प्रतिनिधि कहानियां' जैसे संग्रहों के माध्यम से उन्होंने हिंदी कथा साहित्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी कहानियां काव्यात्मकता, भाषा के अनूठे प्रयोग, तीखे तेवर और नई कथन शैली के लिए विशेष रूप से चर्चित रहीं। उन्हें सोवियत लैंड नेहरू अवार्ड, साहित्य भूषण सम्मान, शिखर सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान और ज्ञानपीठ का ज्ञानगरिमा मानद अलंकरण सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। उनकी कहानियों का भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद हुआ है और वे कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। उनके जीवन और कृतित्व पर भारतीय दूरदर्शन द्वारा एक फिल्म का निर्माण भी किया गया है।

नियत दिन, समय और स्थान पर सुनवाई के लिये उपस्थित होने की अपील

# एसआईआर : 14 फरवरी तक ही होगी 'नो मैपिंग' वाले मतदाताओं को जारी नोटिस पर सुनवाई

## नाम जुड़वाने या संशोधन के लिये 22 जनवरी तक दिये जा सकेंगे दावे-आपत्ति

**जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय ने नो मेपिंग श्रेणी के ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी किये गये हैं, उन्हें 14 फरवरी के पूर्व नोटिस में दिये गये समय और स्थान पर सुनवाई के लिये आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तय कार्यक्रम के अनुसार 14 फरवरी के बाद नो मेपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों पर सुनवाई नहीं होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते ने बताया कि जिले में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया गया था। उन्होंने बताया कि 'नो मैपिंग' की श्रेणी में ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिन्होंने अपने गणना पत्र में वर्ष 2003 की मतदाता सूची की कोई लिंक नहीं दी है। ऐसे सभी मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने नो मेपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिस की सुनवाई और दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 14 फरवरी अंतिम तिथि नियत की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या जिनके नाम में किसी प्रकार का संशोधन होना है, वे नाम जोड़ने, नाम हटाने या नाम में संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 या 8 द्वारा अपना ऑनलाइन भर सकते हैं अथवा संबंधित क्षेत्र के बीएलओ के पास कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने या नाम में संशोधन के लिये दावा-आपत्ति देने की अंतिम तिथि 22 जनवरी नियत की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे जागरूक होने का परिचय दें और मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। इस संबंध में नागरिकों द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

# बिजली की प्रस्तावित दरें किसान विरोधी

## सीलिंग पीड़ित किसान समिति की बैठक में विरोध

**जबलपुर।** सीलिंग पीड़ित किसान समिति ने यहां घंटाघर काफी हाउस में आयोजित एक बैठक के दौरान किसानों के लिए बिजली के दाम बढ़ाने के लिए बिजली कंपनियों के प्रस्ताव को किसान विरोधी बताया। बैठक में मांग की गई है कि सरकार इस प्रस्ताव को तुरंत खारिज करे। बैठक में कहा गया है कि बिजली कंपनियों ने वैसे भी वर्ष 10.13 प्रतिशत से बिजली के रेट बढ़ाने को प्रस्तावित किया है, लेकिन किसानों पर बेतहाशा से रेट बढ़ाने को प्रस्तावित कर उन पर जबरदस्त प्रहार किया है। कृषि पंप, चाफ कटर, थ्रेशर, बुआई की मशीन, नर्सरी कनेक्शन, फल तथा फुल फार्म के पंप, किसानों के मवेशी के लिए पंप, गौशालाओं के पंप आदि अनेक कार्य जो किसानों के साथ जुड़े हैं, उनके लिए प्रथम 300 यूनिट के खपत के लिए बिजली के रेट में 26 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है, ऐसे किसानों से प्रति यूनिट 1 रुपए 34 पैसे ज्यादा वसूलने को प्रस्तावित किया गया है।इसके अलावा बिजली के 300 यूनिट से 750 यूनिट तक खपत के लिए भी रेट में 5 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित कर उनसे प्रति यूनिट 31 पैसे ज्यादा वसूलने को कहा है।

### प्रस्ताव खारिज करने की मांग

सीलिंग पीड़ित किसान समिति ने गुरुवार को घंटाघर कॉफी हाउस में बैठक आयोजित कर बिजली कंपनियों के इस प्रस्ताव को किसानी विरोधी बताया है तथा सरकार से मांग की, कि ऐसे प्रस्ताव को तुरंत खारिज किया जाए। बैठक में डॉ.पीजी नाजपांडे, राजेश गिदरोनिया, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, गेंदालाल कुशवाहा, प्रवीण पटेल, पन्नालाल पटेल, जगदीश पटेल, शंकर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र पटेल, सुभाष कोरी, कोमल चक्रवर्ती, लटोरी कोरी आदि शामिल थे।

# सांसद निधि से भगत सिंह वार्ड में बनेगा सामुदायिक भवन



**पनागर।** भगत सिंह वार्ड में बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर सांसद आशीष दुबे एवं पनागर विधायक पं. सुशील तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना जैन, आनंद जैन 'मिंचू', जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अंकुर जैन, नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, आनंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोवर्धन खेतपाल एवं सर्वेष मिश्रा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल वंशकार ने किया। इस अवसर पर रामनिवास गौतम, संतोष सैनी, पूनम कुशवाहा, सुरेश पटैल, सतीश पटेल, सचिन पटैल, देवेंद्र कुशवाहा एवं गोंटिया सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अंत में भगत सिंह वार्ड के पार्षद मुकेश वंशकार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रांझी की समस्याओं पर प्रशासन की पकड़ कमजोर, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** रांझी क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को लेकर शहर कांग्रेस जिला महामंत्री राकेश सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। सैनी ने बताया कि थाना रांझी अंतर्गत आने वाले इलाके अपराधों की दृष्टि से असुरक्षित हो चुके हैं और पूरे जबलपुर में सर्वाधिक अपराध रांझी थाने क्षेत्र में दर्ज हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रांझी व्हीकल मोड़ पर सुबह से रात एक बजे तक शराबियों का जमावड़ा रहता है, जिससे महिलाओं व आम जनता का निकलना कठिन हो गया है। चोरी, जुआ, अवैध शराब एवं गांजा बिक्री की घटनाएं चरम पर हैं, लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है। सैनी ने पुलिस अधीक्षक से रांझी बड़ा पत्थर स्थित चौकी पर स्थायी पुलिस बल तैनात करने तथा शोभापुर, उदयनगर, शांति नगर, मानेगांव, मोहनिया सहित समस्त रांझी क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की, ताकि अपराधों पर रोक लगाई जा सके और नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पप्पू शर्मा, सुरेन्द्र यादव, रोहित सैनी, अखिल तिवारी, राजा वंशकार, राहुल भंगेल, शुभम बोहित, बॉबी कटारे, रूपेश शर्मा एवं बॉबी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सशक्त हस्ताक्षर परिवार ने महापौर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** सशक्त हस्ताक्षर परिवार द्वारा गुरुवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से डुमना नेचर पार्क में 18 जनवरी को आयोजित होने वाली विशेष काव्य गोष्ठी की जानकारी दी गई। सशक्त हस्ताक्षर के संस्थापक आचार्य गणेश प्यासा ने बताया कि यह साहित्यिक कार्यक्रम हर वर्ष भव्य रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें जबलपुर सहित बाहर से भी अनेक साहित्यकार भाग लेते हैं। महापौर से हुई इस विशेष मुलाकात में सिद्धेश्वरी सराफ 'शीलू', मदन श्रीवास्तव, संदेश कुमार त्रिपाठी, लखन लाल रजक एवं अमर सिंह वर्मा की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## डॉ. जयंत भट्ट कृषि कॉलेज के डीन बने



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर प्लांट पैथालॉजी के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. जयंत भट्ट को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. भट्ट ने विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं 1987 से प्रारंभ की थी। इसके बाद आप 1988 में सहायक प्राध्यापक, 1998 में सह प्राध्यापक एवं 2006 से प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। आप वर्ष 2021 में प्लांट पैथालॉजी के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य बनाएं गए। डॉ. जयंत भट्ट को कृषि महाविद्यालय के डीन पद का महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. जी.के. कौतु, डॉ. अभिषेक शुक्ला, आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## सालीवाडा संकुल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**बरेला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जबलपुर में विकासखंड स्तरीय गणित, विज्ञान, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इसमें जन शिक्षा केंद्र सालीवाडा गौर अंतर्गत शालाओं के विद्यार्थियों ने विषयवार मॉडल प्रस्तुत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शाला व संकुल को गौरवान्वित किया। सामाजिक विज्ञान में ऋषभ श्रीवास (पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित में निहारिका स्वामी (शा.उ.मा.वि. मानेगांव) प्रथम एवं प्रगति कुशवाहा (पीएम श्री शा.उ.मा.वि. सालीवाडा गौर) द्वितीय रहीं। भूगोल में आयुष जाटव (शा.उ.मा.वि. मानेगांव) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमिनार में नैंसी बर्मन (पीएम श्री शा.उ.मा.वि. सालीवाडा गौर) ने द्वितीय तथा प्रश्न मंच में आयुष जाटव (शा.उ.मा.वि. मानेगांव) ने प्रथम स्थान हासिल किया। जन शिक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमती आभा वानखेडे एवं संकुल प्राचार्य सुधा पाटकर ने विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बंधक जमीन का बैंक ने लिया कब्जा



**जबलपुर।** जमीन बंधक बनाकर बैंक से कर्जा लेकर उसकी अदायगी नहीं करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उस पर भौतिक कब्जा लिया गया। दरअसल, चरगवां स्थित 40 हजार वर्गफीट जमीन का नेपियर टाउन शाखा से आकाश निगम और आनंद चतुर्वेदी ने कर्ज लिया था। उधार नहीं चुकाने पर 2022 में उनका खाता अनर्जक आस्ति (एनपीए) में वर्गीकृत किया गया था। उक्त संपत्ति का भौतिक कब्जा प्राप्त करने हेतु न्यायालय जिला दंडाधिकारी, जबलपुर के समक्ष मामला दायर किया गया था। कोर्ट के निर्देश पर बुधवार को तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक जबलपुर द्वारा दोपहर लगभग 3 बजे बंधक संपत्ति का भौतिक कब्जा लिया गया। कार्रवाई के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बैंक प्राधिकृत अधिकारी एवं शाखा प्रबन्धक सुबीर कुमार (सहायक महाप्रबन्धक) एवं अन्य उपस्थित थे।

## भावनाए का वार्षिक कैलेंडर विमोचित



**जबलपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन के नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन सीजीएचएस के उपनिदेशक डॉ. पंकज राव पाटिल एवं वरिष्ठ डॉ. आरपी रावत ने 08 जनवरी को हरिशंकर परसाई भवन मदन महल प्रांगण में किया। इस अवसर पर भावनाए के टीके रायघटक, डीके सिंह, एसके श्रीवास्तव, अर्जुन कुमार, आरके कटियार, महेन्द्र नामदेव, एसएल जांगड़े, दिनेश चौरे, हरजीवन विश्वकर्मा, विनायक राव, आरबी शाह, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नंदलाल कोष्टा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# केंट व्यापारी प्रतिनिधिमंडल की विधायक से तीसरी मुलाकात



**जबलपुर।** केंट क्षेत्र के व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दुकानों के लाइसेंस शुल्क में की गई वृद्धि को लेकर केंट विधायक से तीसरी बार मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल एवं अध्यक्ष हरि केसवनी के नेतृत्व में पहुंचा और बढ़ाए गए लाइसेंस शुल्क को कम किए जाने का प्रस्ताव रखा। व्यापारियों ने बताया कि लाइसेंस शुल्क में हालिया वृद्धि से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। साथ ही दुकानों पर लगाए जा रहे विभिन्न करों में छूट देने तथा अनावश्यक और अतिरिक्त शुल्क समाप्त करने की भी मांग की गई। केंट विधायक ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि केंट बोर्ड की आगामी बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बोर्ड की बैठक के बाद ही लाइसेंस शुल्क, टैक्स एवं अन्य विषयों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा और उसके पश्चात ही कर वसूली की जाएगी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अजय वाधवानी, वेद महावर, रमन अग्रवाल, नरवत गुप्ता, नागेश केसरवानी, बबलू गुप्ता एवं आशिफ भाईजान उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक द्वारा दिए गए आश्वासन पर संतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई।

## नलों में आ रहा गंदा पानी, पाइपलाइन बदलने की मांग



**जबलपुर।** शहर में गंदे पानी की समस्या को लेकर डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड के मोमिनपुरा तलैया, चारखंबा एवं अंसार नगर क्षेत्र के निवासियों में आक्रोश है। नलों में नाली जैसा गंदा पानी आने से परेशान वार्ड पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने नलों से आ रहे दूषित पानी को शीशी में भरकर विधायक लखन घनघोरिया, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं कांग्रेस पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम आयुक्त को सौंपा और समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने नालियों व नालों के भीतर से गुजर रही पुरानी पाइपलाइनों को बदलने तथा गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। इस पर नगर निगम आयुक्त ने तत्काल एक टीम गठित कर निरीक्षण के लिए अंसार नगर भेजी और आवश्यकतानुसार पाइपलाइन बदलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद संजय साहू, गुलाम हुसैन, कलीम खान, प्रमोद पटेल, राकेश पांडे, पूर्व पार्षद ताहिर अली, राजू लाइक, मुन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं विधायक लखन घनघोरिया ने गोहलपुर पुलिया पर ट्रैफिक जाम, टूटी पानी की टंकियां, जल प्लावन एवं सामुदायिक भवन निर्माण जैसे मुद्दों की ओर भी आयुक्त का ध्यान आकर्षित किया, जिस पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

# राही फाउंडेशन ने आयोजित किया नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम




**जबलपुर।** राही फाउंडेशन ने सामुदायिक भवन, गोकुलपुर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता ताहिर खान और आनंद कुमार बंशकार मुख्य वक्ता रहे। स्थानीय पार्षद राजेश यादव, अधिवक्ता कौशल दोहरे, विक्रम लारिया, सौरभ सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुज शर्मा और युवा कार्यकर्ता आकाश वंशकार सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने नशे के कारणों और इसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व कानूनी प्रभावों पर चर्चा की। युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में नशे के खतरे पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव गतिविधियों जैसे आइस-ब्रेकिंग और "गुब्बारा फुलाने व फोड़ने" के माध्यम से संदेश दिया गया कि दबाव और नशा व्यक्ति के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया। राही फाउंडेशन ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## कैंसर पीड़ितों के सहायतार्थ विराट हॉस्पिस संस्था को 5 लाख की सहायता

**जबलपुर।** विराट हॉस्पिस संस्था को 5,00,000/- की सहायता राशि दान स्वरूप प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारी सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सेवा भाव को प्रकट करता है। यह पहल हमें एक दूसरे की सहायता करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती है। सेवा, संस्कार और सामाजिक दायित्व हमारी परंपरा का एक अभिन्न अंग है। उपरोक्त जानकारी संचालक बसंत अग्रवाल ने दी।

# श्री विष्णु बाराह कप : दिल्ली को हराकर जम्मू-कश्मीर सेमीफाइनल में



**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर ने निर्धारित 20 ओवरों में 147 रन बनाए। शिवम जुनेजा ने 36 एवं सैयद सोनू ने 33 रनों का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से पुनीत और वैभव ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 14 रन पर ही तीन विकेट गिर गए। मध्यक्रम में मोहनीश त्रिपाठी ने 34 और शिव ने 26 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन पूरी टीम 110 रनों पर ऑल आउट हो गई। जम्मू-कश्मीर की ओर से सैयद सोनू ने 3, जुबैर ने 2 और आमिर हबीब ने 2 विकेट लिए। सैयद सोनू को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के निर्णायक संजय पटेल एवं शाहिद खान रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल, जगदीश नेमा एवं उमेश उपाध्याय उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला कल नेशनल क्लब मझौली और जम्मू-कश्मीर के बीच खेला जाएगा।

## निधन

**श्री हासानंद खत्री-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री हासानंद खत्री (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक सिंह-** द्वारका नगर कछियाना लालमाटी निवासी श्री अशोक सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल कोष्टा-** फूटाताल कोष्टा मोहल्ला निवासी श्री मदन लाल कोष्टा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अभिषेक रैकवार-** तीसरे पुल के पास मैस के सामने निवासी श्री अम्बिका प्रसाद रैकवार के पुत्र श्री अभिषेक रैकवार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल भाट-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री मोहन लाल भाट (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ज्ञान रंजन-** रामनगर अधारताल निवासी श्री ज्ञान रंजन (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू लाल कोरी-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री राजू लाल कोरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रघुवीर सहाय श्रीवास्तव-** भारत कॉलोनी एलआईसी मदनमहल निवासी श्री रघुवीर सहाय श्रीवास्तव (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला देवी राय-** दर्शन चौक गुरंदी बाजार निवासी श्री महेश प्रसाद राय की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी राय (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूलमती बर्मन-** साईं नगर रामपुर निवासी श्री महेश बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमती बर्मन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन सतनामी-** ठक्कर ग्राम निवासी श्री पवन सतनामी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री एसबी मेश्राम-** पुरानी पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री एसबी मेश्राम (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुरूषोत्तम कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री पुरूषोत्तम कोरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कांति सोनी-** विद्यासागर विहार पाटन रोड निवासी श्री हुकुमचंद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कांति सोनी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बेनी प्रसाद रजक-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री बेनी प्रसाद रजक (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x8 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x8 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# धान घोटाले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर दर्ज की जाएः लखन घनघोरिया

## विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का जंगी प्रदर्शन



**पाटन।** जिले की पाटन तहसील में किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर सिविल कोर्ट चौराहे पर शासन-प्रशासन के विरोध में जंगी प्रदर्शन किया। किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ पाटन-जबलपुर मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित रहा।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल ने नरवाई जलाने के नाम पर किसानों को भेजे जा रहे नोटिसों का विरोध किया। पूर्व जनपद अध्यक्ष ठा. विक्रम सिंह ने गांव-गांव बिक रही अवैध शराब पर अंकुश न लगने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने धान खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उड़ना गांव से जुड़े धान घोटाले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। किसानों की प्रमुख मांगों में बिना जांच कार्रवाई रोकने, दिन में 10 घंटे बिजली आपूर्ति, पराली जलाने के नोटिस रद्द करने, कृषि पंप कनेक्शन यथावत रखने, पुराने बिजली लाइनों के सुधार, लंबित वेयरहाउस भुगतान, रुके हुए धान भुगतान, कर्मचारियों के स्थानांतरण, समिति घोटाले की जांच तथा 3100 रुपये में धान और 2700 रुपये में गेहूं खरीदी शामिल रही। अपर कलेक्टर ऋषभ जैन ने किसानों की मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव, भगवान सिंह, बबुआ शुक्ला, राजेश पटेल, प्रदीप पटेल, रामविनय करसोलिया, दिनेश यादव, शिवराम पटेल, रूपेंद्र पटेल, मुकेश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना
मै श्रीमति शिल्पा साइमन फ्रेडी पति श्री मोहित साइमन फ्रेडी निवासी संजय गाँधी वार्ड, सिंधी डबल क्वाटर नं. 6, काँचघर, जबलपुर की स्थायी निवासी हूँ मेरा नाम विवाह के पूर्व शिल्पा दीन पुत्री श्री प्रकाश दीन था तथा दिनांक 15.10. 2024 को मोहित साइमन फ्रेडी पिता स्व. श्री मनोहर फ्रेडी निवासी काँचघर, जबलपुर से मेरा विवाह हुआ है। विवाह के पश्चात के मेरा नाम श्रीमति शिल्पा साइमन फेडी हो गया है। अतः शिल्पा दीन मेरा विवाह के पूर्व नाम था व विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमति शिल्पा साइमन फ्रेडी पति श्री मोहित साइमन फ्रेडी हो गया है। अब मै अपना नाम श्रीमति शिल्पा साइमन फ्रेडी पति श्री मोहित साइमन फ्रेडी प्रमाणित करने के समर्थन में यह शपथपत्र पेश कर रही हूँ।
जबलपुर
दिनॉक - 06.01.2026 शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### दिसंबर तक आ सकता है इंडियन गैस का आईपीओ



**नई दिल्ली।** प्राकृतिक गैस के लिए ऑनलाइन डिलीवरी आधारित व्यापार मंच, इंडियन गैस एक्सचेंज इस साल दिसंबर तक आईपीओ ला सकता है। इसके निदेशक और सीईओ, राजेश कुमार मेदिरत्ता ने यह जानकारी दी। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) की आईजीएक्स में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### अमागी मीडिया लैब्स का आईपीओ 13 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** क्लाउड-आधारित एसएएएस कंपनी अमागी मीडिया लैब्स ने अपने 1,788 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 343-361 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ अभिदान के लिए 13 जनवरी को खुलेगा और 16 जनवरी को संपन्न होगा।

### रुपया सात पैसे टूटकर 89.94 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे टूटकर 89.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मजबूत रुख से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अमेरिका के अधिक शुल्क लगाए जाने की आशंका और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुख ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला।

### हरटेक पावर को मिला 353.77 करोड़ रुपए का अनुबंध



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कंपनी हरटेक पावर ने कर्नाटक में 353.77 करोड़ रुपये का नवीकरणीय ऊर्जा अनुबंध हासिल है। कंपनी के बयान के अनुसार, उसे चल्लाकेरे में 80 मेगावाट / 320 एमब्ल्यूएच बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ 280 मेगावाट एसी/410 एमडब्ल्यूपी डीसी सोलर पीवी परियोजना के लिए ईपीसी अनुबंध मिला है।

### टीपी सोलर ने 940 मेगावाट का सेल किया उत्पादित



**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. की सौर विनिर्माण इकाई और पूर्ण अनुषंगी कंपनी टीपी सोलर लि. का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान सेल उत्पादन सालाना आधार पर करीब पांच गुना होकर 940 मेगावाट रहा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में यह 196 मेगावाट था।

### अमिताभ, रिलायंस के कैंपा श्योर के लिए ब्रांड एंबेसडर



**बेंगलुरु।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को बोतल बंद पानी ब्रांड 'कैंपा श्योर' का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अमिताभ बच्चन की लोकप्रियता और विश्वसनीयता को देखते हुए यह साझेदारी उपभोक्ताओं का भरोसा और बढ़ाएगी। आरसीपीएल ने 2022 में कैंपा कोला का अधिग्रहण किया और 2023 में इसे फिर से भारतीय बाजार में पेश किया।

# कमर्शियल एयरक्राफ्ट भी बनाएंगे अदाणी! ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर से मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत जल्द ही उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है जहां विमान बनाए जाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अदाणी ग्रुप और ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर ने भारत में छोटे और मध्यम दूरी के विमान बनाने के लिए एक समझौता किया है। इन हवाई जहाजों में 70 से 146 यात्री बैठ सकते हैं।

- भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 1,800 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे रखा

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 1,800 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे रखा है। सरकार चाहती है कि बड़ी विदेशी एविएशन कंपनियां भारत में अपने कमर्शियल एयरक्राफ्ट की फाइनल असेंबली लाइन स्थापित करें।

## छोटे और मध्यम दूरी के विमान बनाने के लिए किया समझौता

### समझौता मेन इन इंडिया प्रोग्राम के तहत

*अदाणी एयरोस्पेस ने ब्राजील में एम्ब्रेयर के साथ इस फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत के 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम के लिए एक बहुत बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। हालांकि दोनों कंपनियों ने इस खबर पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि यह फाइनल असेंबली लाइन कहां बनेगी, इसमें कितना पैसा लगेगा और यह कब तक चालू हो जाएगी। इन सब बातों की जानकारी इसी महीने हैदराबाद में होने वाले एयर शो में एक औपचारिक घोषणा के साथ सामने आने की उम्मीद है।*




### विमानों के ऑर्डर पर छूट

एम्ब्रेयर के इस कदम से सरकार को उम्मीद है कि वह उन ग्राहकों को छूट या प्रोत्साहन देगी जो भारत में बनने वाले कमर्शियल एयरक्राफ्ट का ऑर्डर देंगे। सरकार का मानना है कि इससे न केवल भारत में हवाई जहाज बनाने का एक पूरा इकोसिस्टम तैयार होगा, बल्कि इससे एयरबस और बोइंग जैसी बड़ी कंपनियां भी भारत में पूरी असेंबली लाइन लगाने के लिए प्रेरित होंगी। एक अधिकारी ने बताया, 'हम कई चीजों पर विचार कर रहे हैं, जिसमें इस एफएएल से ऑर्डर करने वालों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन भी शामिल है।

### एम्ब्रेयर के विमानों का पहले से उपयोग हो रहा

*एम्ब्रेयर के विमानों का पहले से भारत में यूज हो रहा है। कंपनी के लगभग 50 विमान भारत में कमर्शियल, डिफेंस और बिजनेस एविएशन के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं। फिलहाल कमर्शियल एयरलाइन में केवल स्टार एयर ही एम्ब्रेयर के विमानों का इस्तेमाल करती है। नए ऑर्डर देने पर अगले दशक के मध्य तक एयरबस और बोइंग से विमानों की डिलीवरी मिलना मुश्किल है। इस वजह से, भारत में कुछ नए स्टार्टअप्स अपनी उड़ानें शुरू करने के लिए एम्ब्रेयर के विमानों को खरीदने की योजना बना रही हैं।*

## ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में आई बड़ी गिरावट

# ट्रंप के बयान से कांपा भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 780 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली और अमेरिकी शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट आई। सेंसेक्स 780 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 264 अंक टूटकर 26,000 के नीचे आ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, धातु, तेल एवं गैस और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी ने बाजार पर दबाव बनाए रखा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक लुढ़ककर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर कुल 3,158 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 1,039 शेयरों में बढ़त हुई और 170 शेयर अपरिवर्तित रहे। वहीं, निफ्टी 263.90 अंक टूटकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ।

### रुपए की कमजोरी से नकारात्मक रुझान बढ़ा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बढ़ते भौगोलिक तनावों और वैश्विक व्यापार संबंधी चिंताओं के बीच बाजार का रुख कमजोर हुआ, जिससे कुल मिलाकर जोखिम उठाने की प्रवृत्ति प्रभावित हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये की कमजोरी ने नकारात्मक रुझान को और बढ़ा दिया।

## ट्रंप ने 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी दी

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऐसे प्रतिबंधात्मक विधेयक का समर्थन किए जाने से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। इस विधेयक को पेश करने की तैयारी में जुटे सीनेटर (सांसद) लिंडसे ग्राहम ने कहा है कि इससे अमेरिका को चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों पर सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करने का दबाव बनाने के लिए 'जबर्दस्त ताकत' मिलेगी।*



- निवेशकों को चार दिन में लगा 7 लाख करोड़ रुपए का झटका
- वैश्विक बाजारों में व्यापक स्तर पर निवेशक बिकवाल रहे
- विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी जारी रही

### चार माह में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, /"भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे सत्र में गिरावट जारी रही और चार महीने से अधिक समय में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई।/" पिछले चार दिनों में बीएसई बेंचमार्क 1,581.05 अंक यानी 1.84 प्रतिशत टूटा जबकि और निफ्टी 451.7 अंक यानी 1.71 प्रतिशत नुकसान में रहा।

**रिलायंस चार दिनों में लगभग आठ प्रतिशत टूटा :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में पिछले चार कारोबारी सत्रों से गिरावट जारी है। इसमें लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। बीएसई में पिछले चार कारोबारी दिनों में यह शेयर 7.67 प्रतिशत टूटा है। शेयर में गिरावट के रुख को देखते हुए, कंपनी का बाजार मूल्यांकन चार दिनों में 1,65,299.15 करोड़ रुपये घटकर 19,89,679.45 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी का शेयर बृहस्पतिवार को बीएसई में 2.25 प्रतिशत घटकर 1,470.30 रुपये पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और ट्रेंट सबसे ज्यादा नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# वेनेजुएला में 1 कप चाय के दाम में मिल रहा सोना!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्या आप यकीन करेंगे अगर आपको पता चले कि दुनिया में एक ऐसी जगह है जहां सोने का भाव एक कप अच्छी चाय या कॉफी से भी कम है? यह बात सुनने में किसी सपने या अफवाह जैसी लग सकती है, लेकिन दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में यह आज की हकीकत है। जिस सोने को खरीदने के लिए भारत में लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करनी पड़ती है, वहां उसकी कीमत कौड़ियों के भाव है।

भारत में जहां सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, वहीं वेनेजुएला में गणित बिल्कुल उल्टा चल रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में 24 कैरेट के एक ग्राम सोने की कीमत करीब 13,827 रुपए है। इसके ठीक विपरीत, वेनेजुएला में इसी शुद्धता वाले सोने का दाम भारतीय मुद्रा में महज 181.65 रुपए है। वेनेजुएला में महज 181 रुपए है, इतने में भारत में किसी अच्छे से रेस्टोरेंट में एक कप चाय मिल पाती है।



- वेनेजुएला में एक ग्राम 24 कैरेट गोल्ड की कीमत महज 181 रुपए
- भारत में एक ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 13,827 रुपए चल रही

### 8000 टन का भंडार, फिर भी दाने-दाने को मोहताज

वेनेजुएला की विडंबना यह है कि यह देश गरीब नहीं है, बल्कि यहां की व्यवस्था ने इसे लाचार बना दिया है। यह दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है, जहां कुदरत ने दोनों हाथों से खजाना लुटाया है। दुनिया के कच्चे तेल का 17 प्रतिशथ भंडार इसी देश के पास है। सिर्फ तेल ही नहीं, है।

### सरकार ने गोल्ड रिजर्व का जमकर इस्तेमाल किया

सरकार ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने और कर्ज चुकाने के लिए अपने गोल्ड रिजर्व (स्वर्ण भंडार) का जमकर इस्तेमाल किया। नतीजा यह हुआ कि कभी सोने से लदे रहने वाले इस देश का आधिकारिक गोल्ड रिजर्व साल-दर-साल घटता चला गया। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के आंकड़े गवाह हैं

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 3497/न.पा.नि. / लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 07/01/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) :-

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा निकाय के स्वास्थ्य शाखा में कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिकों / कर्मियों के नियोजन हेतु एजेंसी चयन बावत् राशि रू. 158.11 लाख के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 183397) एवं महामाया कॉरिडोर निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 1116.82 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 183395) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

# यूआईडीएआई ने 'उदय' नामक शुभंकर किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 'उदय' नाम का एक शुभंकर पेश किया है जिससे लोगों को आधार सेवाओं को आसानी से समझने में मदद मिलेगी। इस शुभंकर (मस्कट) का चयन एमवाईजीओवी मंच पर आयोजित एक राष्ट्रीय डिजाइन एवं नामकरण प्रतियोगिता के माध्यम से प्राप्त विभिन्न प्रविष्टियों में से किया गया है। 'उदय' नाम का यह आधार शुभंकर आधार से संबंधित जानकारी को अधिक सहज एवं लोगों के अनुकूल बनाने में सहायक होगा। तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में यूआईडीएआई के चेयरमैन नीलकंठ मिश्रा ने शुभंकर को पेश किया और विजेताओं को सम्मानित किया। मिश्रा ने कहा कि इस शुभंकर को पेश करना भारत के एक अरब से अधिक निवासियों के लिए आधार संचार को सरल, अधिक समावेशी एवं अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए यूआईडीएआई के निरंतर प्रयासों में एक और कदम है। यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने कहा कि एक खुली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को इस शुभंकर को तैयार करने और नाम देने के लिए आमंत्रित करके, यूआईडीएआई ने आधार के एक मूल सिद्धांत ''भागीदारी से विश्वास एवं स्वीकृति का निर्माण होता है'' की पुष्टि की है।




- लोगों को आधार के बारे में समझने में होगी आसानी

### महाराष्ट्र के इदरीस दूसरे स्थान पर रहे

महाराष्ट्र के पुणे के इदरीस दवाईवाला और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के कृष्णा शर्मा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बयान में कहा गया कि भोपाल की रिया जैन ने शुभंकर नामकरण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता जबकि पुणे के इदरीस दवाईवाला और हैदराबाद के महाराज सरन चेल्लापिल्ला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# अधिकतर पेशेवरों की 2026 में नौकरी बदलने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में अधिकतर पेशेवर 2026 में एक नई भूमिका की तलाश में है। हालांकि अनिश्चितता एवं कौशल अंतराल के कारण कुछ लोग बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नई भूमिका के लिए एआई-संचालित भर्ती प्रक्रिया में खुद को उपयुक्त महसूस नहीं करते हैं।

पेशेवर मंच लिंक्डइन के नए सर्वेक्षण के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग, आज की नौकरियों के लिए तेजी से बदलती कौशल आवश्यकताओं और तेजी से प्रतिस्पर्धी लेकिन चयनात्मक नौकरी बाजार के बीच 84 प्रतिशत पेशेवर नई नौकरी खोजने के लिए खुद को तैयार महसूस नहीं करते हैं।

भारत में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या 2022 की शुरुआत से दोगुनी से अधिक हो गई है जिससे प्रतिस्पर्धा और भी बढ़ गई है। कई लोग खुद को इसके लिए तैयार महसूस नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, करीब 74 प्रतिशत ने कहा कि पिछले एक साल में योग्य प्रतिभाओं को ढूंढना और भी कठिन हो गया है। लिंक्डइन की 'करियर एक्सपर्ट' एवं लिंक्डइन इंडिया की वरिष्ठ प्रबंध संपादक (न्यूज) निराजिता बनर्जी ने कहा, '' भारत के रोजगार बाजार में करियर बनाने और प्रतिभा मूल्यांकन में एआई एक मूलभूत भूमिका निभाता है। पेशेवरों को सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की स्पष्ट समझ की है कि उनके कौशल अवसरों में कैसे तब्दील होते हैं और भर्ती संबंधी निर्णय वास्तव में कैसे लिए जाते हैं।

### सर्वेक्षण में 18 से 79 आयु वर्ग के लोग शामिल

नवंबर 2025 में 'सेंससवाइड' द्वारा 19,113 उत्तरदाताओं के बीच आयोजित किया गया जो पूर्णकालिक/ अंशकालिक काम करते हैं या बेरोजगार हैं और वर्तमान में नौकरी की तलाश में हैं। इसमें शामिल लोग 18-79 आयु वर्ग के थे। यह सर्वेक्षण 13 नवंबर से 28 नवंबर 2025 के बीच किया गया।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल**

Email Add.-dfotsseoni@mp.gov.in Phone.07692-220530, Fax No. 222989

-:: राजसात वाहनों के विक्रय हेतु निविदा आंमत्राण :-

दक्षिण सिवनी सा.वनमण्डल के अंतर्गत अंतिम रूप से राजसात किये गये वाहनों के विक्रय हेतु मोहरबंद निविदाये निम्न तिथियों में आंमत्रित की जाती है :-

| निविदा | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|
| प्रथम निविदा | 22/01/2026, 2:00 PM | 4:00 PM |
| द्वितीय निविदा आवश्यक होने पर | 30/01/2026, 2:00 PM | 4:00 PM |
| तृतीय निविदा आवश्यक होने पर | 10/02/2026, 2:00 PM | 4:00 PM |

वाहनों की जानकारी एवं निविदा फार्म दिनांक 20/01/2026 से अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है अथवा म.प्र. की वन विभाग की वेब साईड www.mpforest.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा फार्म का मूल्य रुपए 100/- है। वेब साइड से निविदा फार्म डाउनलोड करने वाले निविदाकर्ता को रू. 100/- का बैंक ड्राफ्ट / डी. डी. वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सिवनी सा. वनमण्डल के नाम से बनाकर निविदा प्रस्तुत करने के दौरान निविदा से साथ देना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी परिस्थति में वापस नही किया जावेगा। दो पहिया वाहन हेतु राशि 1000 /- रू. एवं चार पहिया वाहन हेतु राशि 5000 /- रू. का डिमांड ड्राफ्ट वनमण्डलं अधिकारी दक्षिणं सिवनी (सा.) वनमण्डल के नाम से बनाकर प्रत्येक निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
नोट :- प्रथम निविदा में उपयुक्त दरें प्राप्त नही होने की स्थिति में द्वितीय निविदा निर्धारित समय में प्राप्त की जाकर खोली जावेगी एवं द्वितीय निविदा में उपयुक्त दरें प्राप्त नही होने पर तृतीय निविदा निर्धारित समय पर प्राप्त की जाकर खोली जावेगी। निविदा कार्यालय वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में उक्तानुसार निर्धारित तिथियों में खोली जावेगी। निविदा खोले जाने के दौरान निविदाकार अपनी स्वेच्छा से उक्त तिथियों में वन मंडल कार्यालय में उपस्थित हो सकेंगे।

G-24097/25

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

**पश्चिम मध्य रेल**

विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है।, निविदा सूचना क्रमांक: जबल–एल–टी–नं.31–2025 R दिनांक 26/12/2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: रीवा शेड की मौजूदा एकीकृत सिक लाईन का 48 मीटर तक विस्तार, निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में): रू. 6448610.35/–, बयाना राशि रूपये: रू. 129000.00/–, समापन अवधि (माह/वर्ष): 12 माह, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 20/01/2026, निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक): 20/01/2026, निविदा सूचना क्रमांक: जबल–एल–टी–नं.43–2025, दिनांक: 26/12/2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: एडेन (मुख्यालय) उप–मंडल के अंतर्गत जबलपुर स्थित जीएम भवन में मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल का नवीनीकरण।, निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में):– रू.509612.47/–, बयाना राशि रूपये:– रू.10200.00/–, समापन अवधि (माह/वर्ष): 6 माह, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 19/01/2026, निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक): 19/01/2026, उपरोक्त सभी निविदा में फार्म की कीमत (रूपये में) – 0.00, उपरोक्त सभी निविदा कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है।– वरि.मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

हस्ता.
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि.यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056**

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन Email ID- eeemdv2bargidam@gmail.com

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| निविदा क्र. | ई-निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 126/तक. 2025-26 दिनांक 01/01/2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2025_NVDA-473450_1 | रा.आ.बा.लो.सा.परि. बरगी बांध के बांया पार्श्व गैलरी में डिवाटरिंग कार्य हेतु 7 नग पम्प ऑपरेटर प्रदाय करने बाबत्। | 13,07,065.00 (रुपये तेरह लाख सात हजार पैसठ) मात्र | 26141.00 (रु. छब्बीस हजार एक सौ) एकतालीस मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | 1. प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 12 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू:- | 13,07,065.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 27/01/2026, 17.30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 27/01/2026, 17.30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 29/01/2026, 10.30 से 29/01/2026, 17.30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 29/01/2026, 10.31 से 29/01/2026, 17.30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट / कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यां) संभाग क्रमांक-2,
बरगी नगर जबलपुर (म.प्र.)

G-24108/23

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T क्र. 32(E.T.)/निर्माण/न.पा.नि./ 2025-26 // निविदा सूचना // सतना, दिनांक 06.01.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 32/01 06.01.2026 | 2026_UAD_473610_1 | सी.सी. रोड निर्माण अमित मिश्रा से दीपक चतुर्वेदी के घर तक वार्ड क्रमांक 32 | 03 माह 11,32,272/- | 2,000/- 22,700/- | 07/02/2026 17:30 |
| 02 | 32/02 06.01.2026 | 2026_UAD_473631_1 | नाली / पुलिया निर्माण विभिन्न स्थानों मेंटपारिया बस्ती, वार्ड क्रमांक 12 (तृतीय काल ) | 04 माह 26,05,470/- | 5,000/- 50,000/- | 23.01.2026 17:30 |
| 03 | 32/03 06.01.2026 | 2026_UAD_473634_1 | सी.सी. रोड निर्माण संकठा द्विवेदी के घर से अयप्पा मंदिर तक, वार्ड क्रमांक 13 (द्वितीय काल ) | 03 माह 6,25,735/- | 2,000/- 12,600/- | |
| 04 | 32/04 06.01.2026 | 2026_UAD_473655_1 | व्यवसायिक नल कनेक्शनों में वाटर मीटर स्थापित करने का कार्य निगम एरिया (PHED SORY Dated 01.09.2023) तृतीय काल | 01 माह 4,14,720/- | 2,000/- 8,300/- | |

नोट :-1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

## चिंतन

# दबाव की रणनीति पर उतरे खिसियाए ट्रंप

वर्तमान समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, भारत सरकार उसका बहुत ही सूझबूझ और संयमित तरीके से जवाब दे रही है। चाहे वह टैरिफ की बात हो, रूस से तेल खरीदने का मामला हो या पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप द्वारा किए गए दावे का। लगता है इससे ट्रंप खिसिया गए हैं और बेतुकी बयानबाजी पर उतर आए हैं। ऐसी भाषा एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर अशोभनीय है। दो राष्ट्राध्यक्षों या राजनयिकों के बीच वार्ता बेहद गुप्त होती है। इसे कभी भी, किसी भी रूप से उछाला नहीं जा सकता। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात बेहद शालीनता और कूटनीति को दर्शाती है, लेकिन हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत को लेकर की जा रही बयानबाजी किसी भी नजरिये से ठीक नहीं है। ऐसी भाषा न तो राजनयिक रूप से ठीक है और न ही एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर। इसे अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार भी नहीं माना जा सकता। एक शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर ऐसी भाषा न तो देश के हित में होती है और न ही लोगों के हित में सही कही जा सकती है। बता दें कि ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाक़ात के लिए पूछा था कि सर, प्लीज़ क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। मैंने हां कहा, क्योंकि मेरे उनके साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। ट्रंप के इस बयान पर चर्चा हो रही है कि क्या भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से इस भाषा में बात की होगी? हालांकि भारत ने इस पर भी बेहद संयम बरता। इससे खिसियाए ट्रंप दबाव की रणनीति पर उतर आए हैं। हालांकि जर्मनी के एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार बार फोन पर बात करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की तरफ से ट्रंप की फोन कॉल का कोई उत्तर नहीं दिया गया। यह रिपोर्ट उस समय आई थी, जब ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया था। दरअसल, पहले ही भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप चुके ट्रंप ने अब 500 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर दबाव बढ़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छे आदमी हैं, लेकिन रूसी तेल खरीदने से वे नाराज हैं। हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि मोदी जानते हैं कि मुझे खुश रखना जरूरी है। हम भारत पर टैरिफ बहुत जल्दी बढ़ा सकते हैं। ट्रंप ने ऐसे एक बिल को समर्थन दिया है। यह बिल जल्दी ही कांग्रेस में वोटिंग के लिए आ सकता है। अगर यह बिल कानून बन गया तो भारत के अमेरिका निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। इससे भारतीय सामान अमेरिका में बहुत महंगा हो जाएगा। इससे दोनों देशों के मध्य व्यापार को नुकसान होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि भारत ने रूसी तेल आयात कम किया है। आंकड़े बताते हैं कि बीते दिसंबर माह में आयात काफी गिर गया, लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। ट्रंप की भाषा अक्सर कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार के खिलाफ रहती है, क्योंकि वह अपने बयानों में आक्रामक, अनौपचारिक और व्यक्तिगत होते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन होता है, लेकिन भारत सरकार ऐसे में बहुत ही सोच-समझकर निर्णय ले रही है। ऐसे में ट्रंप को भी समझना चाहिए कि वह अपनी अनर्गल बयानबाजी पर रोक लगाएं, क्योंकि ऐसी बयानबाजी राष्ट्र और लोगों के हित में नहीं होती है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# टैरिफ चुनौतियों के बीच बढ़ती अर्थव्यवस्था

सात जनवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रिम अनुमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के मजबूत आर्थिक आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित हुई 7.4 फीसदी वृद्धि दर के बेहतर आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश में विभिन्न आर्थिक अनुकूलताएं दिखाई देंगी।

यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और घटते वैश्विक व्यापार के बीच भारत की अर्थव्यवस्था अनुमान से अधिक बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। 7 जनवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रिम अनुमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के मजबूत आर्थिक आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं।

एक्सिस बैंक के मुताबिक आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 7.5 फीसदी के ऊंचे स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगी। वैश्विक निवेश फर्म इन्वेसको के मुताबिक 2026-27 में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। खासतौर से वर्ष 2026 में घरेलू बाजार की मजबूती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। वर्ष 2026 में भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। वर्ष 2026 में महंगाई घटने, टैक्स सुधार और ब्याज दर में कमी से घरेलू बाजार को रफ्तार से बढ़ने के आधार मिलेंगे। जिस तरह नए ऐतिहासिक वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) सुधारों के तहत 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को स्लैब लागू किया गया है, उसका लाभ वर्ष 2026 से उभरकर दिखने लगेगा। निश्चित रूप से वर्ष 2026 में जीएसटी सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार दिखाई देंगे। इसके साथ ही एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाने वाला नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं के बदलाव ही नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था के कायापलट के साथ अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 6 जनवरी को प्रकाशित आइआइएफएल कैपिटल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) वर्ष 2026 में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी कम हो सकती हैं। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की हालिया रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों के जून 2026 तक 50 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। सस्ते तेल से महंगाई 3.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है और विकास दर भी 7.45 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। साथ ही आयात बिल में भी कमी आएगी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी भी देखने को मिल सकती है।

ऐसे में वर्ष 2026 में भारतीय उपभोक्ताओं को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीददारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले माह दिसंबर 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई। इस समीक्षा बैठक में कहा गया कि देश में महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर



2.2 फीसदी पर है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। निश्चित रूप से ब्याज दर घटने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी और उपभोक्ता बाजार में चमक बढ़ेगी। इस समय जब भारत 5 जनवरी को ट्रंप के द्वारा भारत के लिए और टैरिफ बढ़ाने की धमकी तथा वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के कारण विदेशी निवेश भी बढ़ेंगे। ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर के विकास को बल मिलेगा। निसंदेह वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, बुनियादी ढांचा, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति के कारण देश में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले बढ़कर 14.75 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिसंबर तक 8.44 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यदि हम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत के द्वारा वर्ष 2025 में ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का 2026 में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही नए वर्ष में अमेरिका, यूरोपीय यूनियन पेरू,चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते हुए दिखाई देंगे। इन सबके साथ-साथ नए वर्ष में मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच हुए एफटीए के लाभ वर्ष 2025 की तुलना में अधिक मिलते हुए दिखाई देंगे। वर्ष 2026 में भारतीय शेयर बाजार रफ्तार से आगे बढ़ेगा। बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों का रुझान भारत की ओर बढ़ेगा। एक अप्रैल 2026 से नए श्रम कानून लागू होने से उद्योग-कारोबार व निर्यात बढ़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई देगा।

वर्ष 2026 में भारत के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं हैं, लेकिन भारत को अपनी मजबूत आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू खपत बढ़ाने, रोजगार सृजन और राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण के साथ आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित हुई 7.4 फीसदी वृद्धि दर के बेहतर आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश में विभिन्न आर्थिक अनुकूलताएं दिखाई देंगी। देश में महंगाई कम रहेगी, सर्विस सेक्टर निर्माण और विनिर्माण गतिविधियां मजबूत होंगी, निजी क्षेत्र की बेलेंस शीट दमदार रहेगी, डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत होगा और कर सुधार व ब्याज दर में कटौती से विकास दर को रफ्तार मिलेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
बाल मुकुन्द ओझा



# कुत्तों का मूड नहीं, इंसानों की जान मायने रखती है

देश की सर्वोच्च अदालत आजकल डॉगलवर और डॉगहेटर की सुनवाई में व्यस्त है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उससे होने वाले हादसों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मसला केवल कुत्तों के काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से भी जुड़ा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश कर रहे हैं। अदालत में कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दिलचस्प और अनूठी बहस सुनने को मिल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि यह नहीं पढ़ा जा सकता कि कोई कुत्ता कब काटने के मूड में है और कब नहीं। बहस के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुत्ते सड़कों पर नहीं होते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ने नाराज होते हुए कहा कि लगता है आपकी जानकारी पुरानी है। अदालत ने माना कि किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना संभव नहीं है कि कोई कुत्ता कब शांत रहेगा और कब अचानक आक्रामक हो सकता है। कुत्तों पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी रही।

गौरतलब है 7 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तर और खेल परिसरों जैसे संवेदनशील स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में पिछले वर्ष कुत्तों के काटने के 37 लाख केस दर्ज हुए। इनमें 74 मौतें रेबीज से हुई। इस तरह दस हज़ार से अधिक लोग प्रतिदिन कुत्तों से काटने के शिकार हुए। हालांकि कोर्ट के फैसलों का जानवर प्रेमी लोगों ने विरोध किया है। देखा गया है कि देशभर के छोटे नगरों से लेकर बड़े मैट्रो शहरों में आवारा पशुओं के कातिलाना कहर की खबरें अक्सर मीडिया में सुर्खियां बनती रहती हैं, फिर भी उन पर लगाम नहीं कसी जा रही। सही तो यह है कि आवारा पशुओं का यह मुद्दा हमें देखने में छोटा लगता है, लेकिन है बड़ा गंभीर। आवारा कुत्ते भी लोगों की नाक में कम दम नहीं करते। बच्चे तो उन के डर से घर से बाहर तक नहीं निकल पाते। अब तो शहरों में गाय, भैंस या सांड ही क्यों, बंदरों का खौफ भी देखा जा रहा है। अस्पतालों में कुत्तों के अलावा बंदरों के काटने के बहुत से मामले सामने आने लगे हैं। आवारा पशुओं की समस्या पूरे देश में विकराल रूप ले रही है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोष लोग अपने हाथ-पैर तुड़वाने को मजबूर हैं तो वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। शहरी इलाकों में कुत्तों के साथ गायों के झुंड विचरण करते मिल ही जाएंगे। इस कारण न केवल लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलती है। इन पशुओं से एक्सीडेंट की भी समस्या बढ़ रही है। गायों तथा सांडों के बड़े झुंड, बाजारों, गलियों, मुख्य सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम टहलते हुए राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। आवारा पशुओं की भरमार एवं उनके आतंक के कारण रहवासियों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। बाजार क्षेत्र सहित संकरी गलियों में कुत्तों, सांडों व आवारा पशुओं का निरंकुश होकर घूमना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इनके आपस में झगड़ने के कारण कई बुजुर्ग-महिलाएं एवं बच्चे भी इनकी चपेट में आने के कारण चोटिल हो जाते हैं। अक्सर खाद्य व सब्जी आदि की दुकानों पर भी यह मुंह मारते रहते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में समुचित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहने से वहां आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। भयावह स्थिति तब बन जाती है, जब ये आवारा मवेशी मार्गों के किनारे लगे कचरे के ढेरों पर आपस में झगड़ते हैं।

कई बार तो बाजार क्षेत्र में भी इनके आपस में झगड़ने से यातायात बाधित होता है। दिन हो या रात, आवारा पशु सड़क पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को वाहन रोककर इन्हें हटाना पड़ता है, तब आगे का रास्ता खुलता है। आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहरी क्षेत्रों के मुख्य बाजार और कॉलोनियां के मार्गों पर जाकर अठखेलियां करने लगते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं जिसके चलते प्रतिदिन कोई ना कोई दुर्घटना घटती रहती है। स्थिति रात के समय और भी घातक हो जाती है। इन आवारा पशुओं में से कुछ का रंग काला होने की वजह से किसी भी वाहन चालक के लिए दूर से इन्हें देख पाना बहुत मुश्किल होता है। कई वाहन चालक इनका शिकार बनकर मौत के मुंह में समा चुके हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# किसी भी कार्य में अपना सौ प्रतिशत लगाएं



संकलित
दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता का महत्व



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या?

*- संजय पटेल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### एआई पर चर्चा



भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा हुई। यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने भारत द्वारा एआई की दुनिया को बदलने के प्रयासों के बारे में अपने दृष्टिकोण और कार्यों को साझा किया।

**- नरेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री**

### अमर्यादित टिप्पणी



नेता प्रतिपक्ष सुश्री आतिशी द्वारा सदन में गुरु तेग बहादुर पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी से मैं आहत हूं और इसकी कड़ी निंदा करती हूं। इस मर्यादाहीन टिप्पणी से सिख समाज के साथ-साथ देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

**रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अपराधियों को संरक्षण



मेरठ में माँ की हत्या और बेटी को उठाकर ले जाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते-देते आज जिस स्तर पर पहुँच गयी है, वहाँ से वापस नहीं लौट सकती क्योंकि अपराधी उनके राज़ खोल देंगे।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### युद्ध नशे के विरुद्ध



आज पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' सिर्फ़ नारा नहीं, ज़मीनी हकीकत है। पहले दूसरी पार्टियों के नेताओं के रिश्तेदार नशा बेचते थे, कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करता था। आज आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़े-बड़े नशा तस्करों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# सोमालिया को जारी सहायता निलंबित

अमेरिका ने सोमालिया की संघीय सरकार को दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता निलंबित कर दी है। विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि सोमाली अधिकारियों ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक अमेरिकी वित्तपोषित गोदाम को ध्वस्त कर दिया और गरीब नागरिकों के लिए निर्धारित 76 मीट्रिक टन खाद्य सहायता जब्त कर ली। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ट्रंप प्रशासन जीवनरक्षक सहायता की बर्बादी, चोरी और दुरुपयोग के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाता है। बयान में कहा गया, विदेश मंत्रालय ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी मौजूदा अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की बहाली इस बात पर निर्भर करेगी कि सोमाली संघीय सरकार अपने अस्वीकार्य कृत्यों की जिम्मेदारी लेती है और उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाती है। यह निलंबन ऐसे समय में किया गया है जब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में सोमाली शरणार्थियों और प्रवासियों की आलोचना तेज कर दी है। इसमें मिनेसोटा में बाल देखभाल केंद्रों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामलों को लेकर व्यापक रूप से प्रचारित करने के आरोप भी शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# 2026 में दक्षिणी आकाश में होंगी कई खगोलीय घटनाएं



वर्ष 2026 में दक्षिणी आकाश में खगोलीय घटनाओं की भरमार रहेगी–अनुकूल समय पर पूर्ण चंद्रग्रहण, ब्लू मून और सुपरमून, दो सबसे चमकीले ग्रहों का एक–दूसरे के बेहद करीब आना और दिन के समय चंद्रमा के पीछे बृहस्पति का ओझल होना खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी घटनाएं सामान्य आंखों से देखी जा सकेंगी, यहां तक कि प्रकाश प्रदूषण वाले शहरों में भी। इन खास घटनाओं के अलावा, हर साल की तरह उल्का वर्षा और रात को तारामंडलों की परेड भी देखने को मिलेगी। हालांकि इन्हें ग्रामीण और अंधेरी जगहों से देखना बेहतर होता है, लेकिन इनमें से कई शहरों से भी दिखाई देंगी। वर्ष की कुछ प्रमुख खगोलीय घटनाओं का विवरण इस प्रकार है। मार्च, मई और दिसंबर में चंद्रमा की हलचल मंगलवार, तीन मार्च की शाम को चंद्रग्रहण होगा। इस दौरान पूर्णिमा का चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करेगा और लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य के प्रकाश को परावर्तित कर चंद्रमा तक पहुंचाता है और यह प्रकाश लाल रंग का होता है–जो दुनिया भर के सूर्योदय और सूर्यास्त की आभा जैसा होता है।

## फंदा बनाकर किया था शिकार

# तेंदुए का शिकार करने वाले आरोपियों की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

**जिले के करेली वन परिक्षेत्र में आने वाली ग्वारीकला बीट के जंगल की तकरीबन दो वर्षीय एक मादा तेंदुए का शव क्लच वायर में फसा मिला था। घटना की खबर लगते ही वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे वहीं पेंच से विशेषज्ञों की टीम के साथ ही डॉग स्क्वायड बुलाकर जांच पड़ताल की गई।**

प्रारंभिक जांच के बाद वन विभाग ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध की न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपियों की जमानत को खारिज कर दी गई। हालाकि अभी यह स्पष्ट नही हो सका है कि आरोपियों द्वारा शिकार के लिए फंदा लगाया गया था या फिर अन्य जीवों से फसलों के बचाव के लिए।



### मामला इस प्रकार

वन विभाग को सूचना प्राप्त हुई की करेली वन परिक्षेत्र की ग्वारी वीट में पेड़ो के बीच तेंदुए का शव फसा हुआ है। विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए डॉग स्क्वाड के माध्य से सर्चिंग कर आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी नारायण पिता नन्हेंवीर ठाकुर उम्र 65 वर्ष, दुर्गाप्रसाद पिता उद्दालाल ठाकुर 55 वर्ष, रामभवन पिता अढ़ाईलाल ठाकुर 35 वर्ष, भवानी पिता चिंतामन ठाकुर उम्र 60 वर्ष सभी निवासी ग्राम खापा तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर थाना कोतवाली भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 51(अ) के अंतर्गत वन्ध्य प्राणी तेंदुए के शिकार में गिरफ्तार किये गये। सभी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। आरोपियों के तरफ से लगाई गई जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

### जमानत याचिका हुई खारिज

अभियोजन में बताया गया कि वन मंडल नरसिंहपुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र करेली के अंतर्गत वीट ग्वारीकलां के अंतर्गत आरोपीगण ने क्लिच वायर के तार का फंदा बनाकर अनुसूची 1 के दुर्लभ वन्य प्राणी तेंदुए का शिकार किया था। उपरोक्त प्रकरण में वन विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीगण को तत्काल कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया, पूंछतांछ में आरोपीगण ने जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपीगण की जमानत याचिका खारिज होने पर प्रभारी उप निदेशक संचालनालय अभियोजन नरसिंहपुर रामकुमार पटेल एवं वन मण्डल अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. कल्पना तिवारी ने वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवराज कन्नौजिया एवं उप वन मंडल अधिकारी सुनील कुमार वर्मा एवं सहा. वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा की गई विधि अनुरूप जांच कार्यवाही की प्रशंसा की है। आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

### शिकार या बचाव, नही चल सका पता

ग्वारी बीट मे हुए तेंदुए के शिकार के मामले मे वन विभाग या पुलिस की ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। पकड़े गए आरोपियों द्वारा फंदा शिकार करने के उद्देश्य ये लगाया था या फिर खेत मे आने वाले जंगली सुअर आदि वन्य जीवों से फसलों को बचाने के लिए लगाया गया था। यह तो आरोपियो से पूछताछ के दौरान ही सिद्ध हो सकता था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि खेतों में पहुंचने वाले जंगली सूअरों से फसलों को बचाने कई ग्रामीण तारों का फंदा बना देते हैं। जिसमें तेंदुआ फस गया होगा या फिर शिकार की मंशा से ही तेंदुए के लिए क्लच वायर का फंदा लगाया गया होगा। आरोपियों के अपराध को गंभीर मानते हुए न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

## सोता रहा प्रबंधन, कुएं में सड़ा बाघ का शव

**उमरिया।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अब बाघों के लिए डेथ जोन बनता जा रहा है। धमोखर परिक्षेत्र के कुदरी टोला में गुरुवार को एक पुराने कुएं में बाघ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शर्मनाक बात यह है कि महज 24 घंटे पहले ही एक बाघ शावक की जान गई थी और अब इस दूसरी मौत ने पार्क प्रबंधन की सुरक्षा दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं।ग्रामीणों के मुताबिक, जंगल चौकी के बेहद करीब स्थित इस कुएं से उठती भयंकर दुर्गंध ने मौत का राज खोला। अंदेशा है कि बाघ की मौत 48 घंटे से भी पहले हो चुकी थी। सवाल यह उठता है कि करोड़ों का बजट डकारने वाला गश्ती दल और हाईटेक निगरानी तंत्र क्या कर रहा था? जंगल चौकी के इतने करीब बाघ दम तोड़ गया और अफसरों को इसकी भनक तक नहीं लगी। क्या पार्क प्रबंधन केवल सफारी बुकिंग और वीआईपी मेहमानों की खातिरदारी तक सीमित रह गया है।

# पटवारी और एएसआई की हत्या के बाद अब तहसीलदार को कुचलने की कोशिश

## शहडोल में रेत के सौदागरों का तांडव

### खाकी और खादी के संरक्षण में फल-फूल रहा खूनी खेल

शहडोल।

जिले की धरती इन दिनों विकास की इबारत नहीं, बल्कि रेत माफिया के खौफ की कहानी लिख रही है। शहडोल में कानून का इकबाल इस कदर मर चुका है कि अब यहां सरकारी कुर्सियों पर बैठने वाले अफसर भी सुरक्षित नहीं हैं। जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में रेत माफिया ने एक बार फिर खूनी खेल खेलने की कोशिश की है। यहां अवैध रेत के अवैध कारोबार को रोकने पहुंचे नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी पर माफिया ने न केवल जानलेवा हमला किया, बल्कि उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर अपनी बेखौफी का प्रदर्शन भी किया।

### वर्दी को चुनौती, चलती गाड़ी से फेंकी रेत

घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खरपा तिराहे की है। बीती रात करीब 11:25 बजे नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी जंगल की ओर से रेत से लदा मेसी ट्रैक्टर आता दिखा । तहसीलदार ने जब ट्रैक्टर रोकने की कोशिश की, तो माफिया ने पूरी दुस्साहस दिखाते हुए सरकारी बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी । मंजर इतना खौफनाक था कि माफिया तहसीलदार के वाहन को क्षतिग्रस्त कर उसे पलटाने की नीयत में था । हद तो तब हो गई जब पीछा छुड़ाने के लिए माफिया ने फिल्मी अंदाज में चलते ट्रैक्टर से ही बीच सडक़ पर रेत अनलोड कर दी, ताकि सरकारी गाड़ी आगे न बढ़ सके। इसके बाद कामता बैस का पुत्र अमरदीप उर्फ झब्बू अपनी बाइक से मौके पर पहुंचा और नायब तहसीलदार के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की कोशिश की ।

### पटवारी और एएसआई के बाद अब कौन

यह कोई पहली बार नहीं है, जब शहडोल में रेत माफिया ने किसी अधिकारी को निशाना बनाया हो। पूर्व में अवैध खनन रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह और एएसआई महेंद्र बागरी को ट्रैक्टर से कुचलकर सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया था। इन जघन्य हत्याओं के बाद भी शासन-प्रशासन की चुप्पी ने माफिया के हौसले इतने बुलंद कर दिए हैं कि अब वे तहसीलदार स्तर के अधिकारियों पर भी हाथ डालने से नहीं हिचक रहे हैं। जिले के देवलौंद, ब्यौहारी, जयसिंहनगर और गोहपारू जैसे इलाके माफिया के अभेद्य गढ़ बन चुके हैं।

### तो पुलिस के संरक्षण में चल रहा है कारोबार

जिले में रेत का कोई वैध ठेका संचालित नहीं है, फिर भी हर रात सैकड़ों ट्रैक्टर नदियों का सीना चीर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाकी के संरक्षण और मोटे कमीशन के खेल की वजह से माफिया बेखौफ हैं। ब्यौहारी पुलिस ने नायब तहसीलदार की शिकायत पर कामता बैस और अमरदीप उर्फ झब्बू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(ए), 132, 221, 351(2), 303(2), 317(5), 3(5) और खनिज अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के बाद दबाव में आई पुलिस ने 6 ट्रैक्टर जरूर जब्त किए हैं, लेकिन मुख्य सरगना अब भी प्रशासन की पहुंच से दूर हैं।

## कंपनी प्रबंधन पर कार्रवाई करने की मांग, बिना सुरक्षा उपकरणों के कामगारों से लिया जा रहा है काम

# केजीवी कंपनी में हुई घटना, 35 फिट से गिरा कामगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कंपनियों में कामगारों को सुरक्षा के संसाधन नहीं मिलने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जिसमें कामगारों की जान पर बन आ रही है। औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव में स्थित केजीवी कंपनी में लगभग 35 फिट ऊंचाई से कामगार के गिरने से आक्रोशित श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर एफआईआर करने की मांग की है।



मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र में संचालित केजीवी कंपनी में सोलर पैनल की सफाई करते हुये एक श्रमिक लगभग 35 फिट उंचाई से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी में कार्यरत श्रमिक गोविंदा ताराम बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सोलर पैनल की सफाई कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वह नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। कामगार को प्राथमिक उपचार के बाद सावनेर रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत अस्थिर बनी हुई है। चर्चा के दौरान कामगारों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को हेलेमट, सेफ्टी बेल्ट नहीं दिया गया था। जो सीधे तौर पर फैक्ट्री एक्ट और श्रम सुरक्षा नियमों का खुला उल्लघंन है। इस मामले को लेकर कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है। दूसरी ओर लोधीखेड़ा टीआई एबी मर्सकोले ने बताया कि घायल श्रमिक का उपचार सावनेर में जारी है। हमारे द्वारा मामले की जांच की जा रही है। केजीवी कंपनी में हुई घटना के बाद श्रमिकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### अधिकारियों का नहीं है कामगारों की सुरक्षा पर ध्यान

औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में होने वाला यह कोई पहला हादसा नहीं है। इसके पहले भी कंपनी में काम करने के दौरान संसाधनों की कमी के चलते कुछ कामगारों की जान जा चुकी है और कुछ दुर्घटना में घायल भी हो चुके हैं। ऐसी घटनाएं होने के बावजूद भी श्रम विभाग में बैठे हुए अधिकारियों की लचीली नीति एवं लापरवाह प्रबंधन एवं ठेकेदार बाज नहीं आ रहे हैं। घटना के बाद में श्रमिकों ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर वास्तविक निरीक्षण नहीं किया जाता है। प्रबंधन के द्वारा बिना सुरक्षा के उपकरण दिए हुए जोखिम भरे काम कंपनी के अंदर कामगारों से कराए जाते हैं। घटना के बाद कंपनी के भीतर कई श्रमिक डर के साये में काम करने को मजबूर है। कामगारों ने घटना की जांच के साथ कंपनी प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## बुढार थाना क्षेत्र में युवती से मारपीट

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना अंतर्गत एक युवती के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और रास्ता रोकने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला 6 जनवरी 2026 को सामने आया, जिसमें पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता युवती रौशनी (बदला हुआ नाम) ने पुलिस को बताया कि 6 जनवरी की दोपहर करीब 11:30 बजे से 11:50 बजे के बीच आरोपी युवक ने उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार आरोपी ने भय का माहौल बनाते हुए उसे आगे से इस रास्ते पर आने से मना किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस मामले में आरोपी शुभम उर्फ शुब्हम पिता सुंदर लाल, निवासी वार्ड क्रमांक 05, पुरानी बस्ती, बुढार, जिला शहडोल के खिलाफ धारा 296(ए), 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी वर्तमान में बुढार क्षेत्र में ही रहकर स्थानीय गतिविधियों में संलिप्त बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया है कि आरोपी का व्यवहार पूर्व से ही दबंग किस्म का रहा है और वह आए दिन लोगों को डराने-धमकाने का काम करता है। घटना के बाद पीड़िता ने तत्काल थाना पहुंचकर मौखिक सूचना दी, जिस पर पुलिस ने जनरल डायरी में एंट्री कर एफआईआर दर्ज की।

**अवैध निर्माण से जुड़ा है आरोपी का नाम-** इस मामले को लेकर एक और गंभीर तथ्य सामने आया है। शिकायतकर्ता रौशनी साहू (बदला हुआ नाम) ने यह भी आरोप लगाया है कि इसी आरोपी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के प्रक्रिया चौराहे पर शॉर्टकट तरीके से अवैध निर्माण कराया जा रहा है। यह चौराहा पहले से ही ब्लैक पॉइंट के रूप में जाना जाता है, जहां आए दिन सडक़ दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस स्थान पर अवैध निर्माण के कारण सडक़ की दृश्यता प्रभावित हो रही है, यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों से शिकायत किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य पर कोई ठोस अंकुश नहीं लग पाया है।

## बोले वनमंडलाधिकारी पीएम रिपोर्ट का इंतजार, वन्यजीव प्रेमी ने की शिकायत

# वन्यप्राणी तेंदुए की मौत का रहस्य बरकरार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में 23 दिसंबर को उत्तर सामान्य वन परिक्षेत्र लामता के जंगल में एक नर तेंदुआ संदिग्ध हालत में मृत मिला था। इसके बाद, 1 जनवरी को उत्तर सामान्य वनमंडल के दक्षिण लामता अंतर्गत मगदर्रा सर्किल से एक किलोमीटर दूर खेत में एक मादा तेंदुआ मृत पाई गई। हालांकि अब तक नर और मादा तेंदुए की मौत का रहस्य अब तक नहीं सुलझ पाया है।**



वनमंडलाधिकारी रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि दोनों तेंदुओं की पोस्टमॉर्टम (पीएम) रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है। रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। जिले में वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों पर वन्यजीव प्रेमियों ने चिंता व्यक्त की है। वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने बताया कि बालाघाट में संरक्षित क्षेत्रों की तुलना में असंरक्षित क्षेत्रों में वन्यजीवों की संख्या अधिक है, लेकिन जिले के आला अधिकारी वन्यजीवों के प्रबंधन में प्रशिक्षित नहीं हैं। वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने यह भी कहा कि वन्यजीवों की मौत के मामलों में जिले का वन अमला अक्सर पेंच और कान्हा राष्ट्रीय उद्यानों पर निर्भर रहता है। कोचर ने जिले में वन्यजीवों की असमय मौतों को लेकर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ में शिकायत दर्ज कराई है। यह पहली बार नहीं है जब जिले में वन्यजीवों की मौत के मामले अनसुलझे रहे हैं। दक्षिण वनमंडल के कटंगी क्षेत्र में 12 दिसंबर को करंट लगने से एक सब-एडल्ट बाघ की मौत हो गई थी, जिसके आरोपी अब भी फरार हैं। इससे पहले, लालबर्रा परिक्षेत्र के सोनवानी अभयारण्य में एक बाघ की संदिग्ध मौत और उसके शव को बिना प्रोटोकॉल के जलाए जाने का मामला भी सुर्खियों में रहा था। इस घटना में वन अधिकारी पर कांग्रेस विधायक को रिश्वत देने का आरोप भी लगा था, जिससे जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया था।

# आपकी खबरों से हम जनता के प्रति सजग रहते हैं : दिनेश राय













हरिभूमि न्यूज, सिवनी।

**सोशल मीडिया के बीच में आपको सर्ववाईव करना है और आप लोगों को आगे बढना है। आप हमारे परिवार के सदस्य है, सभी अपने तरीके से कार्य करते है। मैंने कभी नहीं माना की आप पत्रकार है मैं नेता हूं। तथ्यात्मक खबरे हमें अपनी कमियों को दूर करने का अवसर देता है, कमियां दिखाना भी एक कला है। आपकी खबरों से हम जनता के प्रति सजग रहते है। आपका एक महत्व व सम्मान आज भी बरकरार है इस बात को हम समझते है, जानते है।**

इस आशय की बात 7 जनवरी बुधवार को राशि लॉन में आयोजित राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती व देवऋर्षि नारद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लन व माल्यार्पण से किया। सरस्वती वंदना परिषद के संस्कृतिक प्रभारी संजय जैन संजू ने प्रस्तुत की। मंचीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, विशिष्ठ अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उमेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश महासचिव समाज कल्याण प्रकोष्ठ तरूणकुमार सोनाने, प्रदेश प्रभारी शिवकुमार तिवारी, गृहनिर्माण समिति प्रदेश प्रभारी सुदेश कामले, संभागीय उपाध्यक्ष शिव चौरसिया, प्रदेश सचिव संतराम काम्बरे, सतीश अग्रवाल,मंचासीन रहे। साथ ही परिषद के जिला अध्यक्ष शरद दुबे, पूर्व अध्यक्ष सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ओपी दुबे भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर अपने परिवारिक कारणों के चलते बरघाट विधायक कमल मर्सकोले कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाये लेकिन उनके द्वारा फोन पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को साधुवाद दिया गया। मंचासीन अतिथियों का परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शाल-श्रीफल व फूलमालाओं से स्वागत किया।

**श्रमजीवी बनना कोई आसान काम नहीं-**एसपी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने कहा कि श्रमजीवी बनना कोई आसान काम नहीं है। मैं दावा करता हूं कि इस दुनिया में ऐसा कोई पेशा नहीं है जिसमें कठिनाईयां ना हो, लेकिन इस पेशे की कुछ विशेषताएं है आपकी कुछ जिम्मेदारियां है वो आपके आदर्श के रूप में आपके सामने है।

**-तथ्यात्मक खबरें प्रशासन की मददगार बनती है- कलेक्टर**: कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि आपकी खबरे लोगों को एजुकेट करने का कार्य करती है। समस्याओं से भी आप प्रशासन को अवगत कराते है। आप लोगों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण व संजिदा है, जिसकी समाज को सबसे अधिक आवश्यकता है। इसलिए पत्रकारिता को चौथा स्तभ कहा जाता है। प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने बताया कि परिषद पत्रकारों की सुरक्षा व हितों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कई विषयों को परिषद ने प्रमुखता से उठाया है पत्रकारों के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों पर कार्यवाहियां भी हुई है। प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि पत्रकारों को स्वयं का आवास दिलाने के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है। इस विषय पर मध्यप्रदेश सरकार से परिषद की चर्चा चल रही है। अनुरोध पटेरिया ने भी संगठनात्मक विषयों को रखा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी ने सफलता पूर्वक कार्यक्रम पर जिला कार्यकारिणी व अध्यक्ष शरद दुबे को बधाई दी, साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव व प्रशांत शुक्ला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत करने की घोषणा मंच से की गई। सभी अतिथियों को परिषद जिला इकाई की ओर से हमारी सिवनी की प्राकृतिक, एतिहासिव व धार्मिक धरोहर पर आधारित स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम कुशल मंच संचालन खेल शिक्षक संदीप मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रेस क्लब के अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा का भी शॉल-श्रीफल एवं फूलमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष शरद दुबे ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के शानू पाशा, संतीश शर्मा, संदीप ठाकुर, विनोद सोनी, राधेश्याम सनोडिया, गोपाल चौरसिया, लोकेश उपाध्याय, श्याम सोनी, संतोष दुबे, महेन्द्र सनोडिया, आशीष गुप्ता, नरेन्द्र सोनी, रवि सनोडिया, राजू तिवारी, राकेश मालवीय, विष्णु शर्मा, अनिल दामड़ें, अयुब कुरैशी, चेतन गांधी, हसीब मोहम्मद, सुनील बंदेवार, गगन विश्वकर्मा, मुकेश सेन का योगदान रहा।

जयशंकर ने कहा कि भारत का यूरोप के साथ रिश्ता सिर्फ ब्रसेल्स तक सीमित नहीं है बल्कि यूरोपीय संघ के अलग अलग देशों के साथ भी लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे में छोटे समूहों में बातचीत करना भी जरूरी हो जाता है और यही इस बैठक का मकसद है

वीमर प्रारूप बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# भारत का यूरोप के साथ जुड़ाव लगातार बढ़ रहा, वीमर देश इसमें अहम साझेदार

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पेरिस में भारत वीमर प्रारूप की पहली बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत के साथ पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री भी शामिल हुए। पोलैंड की ओर से डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट और जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल मौजूद थे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत इस प्रारूप में शामिल हुआ है।

इस बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें पहला भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते। दूसरा इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति और तीसरा यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा।

**बैठक के मुद्दे**

- भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते
- इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति
- यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा



पेरिस में वीमर प्रारूप की पहली बैठक में चर्चा करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### आमंत्रण के लिए फ्रांस का आभार जताया

बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह नया प्रारूप भारत और यूरोप के बीच जुड़ाव को और मजबूत करेगा। उन्होंने बैठक के निमंत्रण के लिए फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का आभार जताया। बता दें, वीमर प्लस समूह की स्थापना वीमर त्रिकोण (फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड) के विस्तार के रूप में की गई थी, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, इटली, स्पेन और यूरोपीय आयोग को प्रतिभागियों के रूप में शामिल किया गया था, जिसमें विदेश मंत्री प्राथमिक प्रतिनिधियों के रूप में कार्य करते थे।

### दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही

*जयशंकर ने कहा कि जैसे-जैसे सहयोग बढ़ता है, वैसे-वैसे छोटे समूहों में संवाद भी जरूरी हो जाता है ताकि व्यापक की दिशा को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह साफ दिखाई दिया है। यूरोप भी कई रणनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके अलावा, कुछ वैश्विक घटनाएं ऐसी हैं जो पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नए सिरे से परिभाषित कर सकती हैं।*

### फ्रांस पुराना रणनीतिक साझेदार

*जयशंकर ने कहा कि फ्रांस यूरोप में भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों के संबंध बेहद खास हैं। द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही राष्ट्रपति मैक्रों का भारत में स्वागत किया जाएगा।*

### सहयोग के कई नए अवसर

*विदेश मंत्री ने कहा कि भले ही हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हों, लेकिन इसी वजह से विचारों का नियमित आदान-प्रदान और साझा आकलन बेहद जरूरी हो जाता है। भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संबंधों में यूरोपीय संघ और यूरोप के देशों के साथ संबंधों में सबसे अधिक विकास की संभावना है। इस क्षेत्र में अभी भी बहुत क्षमता मौजूद है और सहयोग के कई नए अवसर हैं। वीमर प्रारूप में शामिल तीनों यूरोपीय देश भारत के लिए महत्वपूर्ण भागीदार हैं। आपसी चर्चा भारत-यूरोप संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाने में मददगार साबित होगी।*

### दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही

*जयशंकर ने कहा कि बहुध्रुवीय दुनिया में अस्थिरता और अनिश्चितता गहरे सहयोग की जरूरत बढ़ाती है, और यही विचार इस बैठक की आधारशिला रहा है उन्होंने कहा कि दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। जो घटनाएं दुनिया को अस्थिर और अनिश्चित बनाती हैं, वही समान सोच वाले देशों के बीच गहरे सहयोग की जरूरत को भी मजबूत करती हैं। यही सोच इस बैठक की आधारशिला रही है।*

---

## खबर संक्षेप

### शरजील की कोर्ट में दलील, उमर गुरु नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी और एक्टिविस्ट शरजील इमाम ने गुरुवार को एक अदालत में बताया कि पुलिस का यह यह आरोप सरासर गलत है कि उमर खालिद उसका मेंटर या गुरु था। शरजील इमाम ने यह भी दावा किया कि जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच बातचीत नहीं होती थी। इमाम की तरफ से पेश हुए वकील तैयब मुस्तफा ने कहा कि उनके मुवक्किल और खालिद के बीच कोई कनेक्शन नहीं है।

### डीआरआई ने 40 करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त किया



**नई दिल्ली।** सीमा पार तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली और अगरतला में तलाशी की और दुबई और बांग्लादेश से काम करने वाले एक बड़े इंटरनेशनल सोने की तस्करी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 29 किलो से अधिक का विदेशी सोना और लगभग 2.90 करोड़ नकद जब्त किया गया। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। 6 जनवरी को एक बड़े सिंडिकेट सदस्य को पकड़ा।

---

## तेल ले जा रहे रूस के जहाज मैरिनेरा को अमेरिका ने जब्त किया

*मैरिनेरा वेनेजुएला और ईरान से बैन तेल को ट्रांसपोर्ट कर रहा था*

# क्रू पर आपराधिक केस की दी चेतावनी रूस ने कहा- 'मानवीय' व्यवहार करें

*रूस ने अमेरिका से मांग की है कि वह टैंकर पर सवार रूसी नागरिकों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उनके अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित करे और उन्हें जल्द से जल्द वापस घर भेजे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रूस के जब्त जहाज मैरिनेरा पर सवार क्रू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का दावा किया है। वहीं रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि वो अमेरिकी कर्मियों के जहाज पर सवार होने की खबरों पर करीब से नजर रखे हुए हैं। मंत्रालय ने कहा, रूस ने अमेरिका से मांग की है कि वह टैंकर पर सवार रूसी नागरिकों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उनके अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित करे और उन्हें जल्द से जल्द वापस घर भेजे।

अमेरिका ने प्रतिबंधित वेनेजुएला-ईरान तेल ढोने वाले मैरिनेरा टैंकर के क्रू पर आदेश उल्लंघन के आरोप में आपराधिक कार्रवाई और विस्तृत जांच की घोषणा की। बता दें, अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले दो टैंकरों को पकड़ लिया। इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है।

सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए। अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया।



अमेरिका द्वारा जब्त रूसी तेल जहाज

### यूएस ने यूएन समुद्री कानून का उल्लंघन किया: रूस

*रूस के ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने कहा कि 1982 के यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सी के नियमों के मुताबिक किसी भी देश को दूसरे देशों के अधिकार क्षेत्र में पंजीकृत जहाजों के खिलाफ ताकत इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। रूस ने यह भी कहा कि 24 दिसंबर को मेरिनेरा को रूसी झंडे के तहत चलने की अस्थायी अनुमति दी गई थी।*

### दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करेंगे

*अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने 'लिखा कि यूएस अधिकारी जब्त किए गए मैरिनेरा टैंकर, जिसे बेला-1 के नाम से भी जाना जाता है, के क्रू मेंबर्स के खिलाफ क्रिमिनल मामला दर्ज करेंगे। जहाज कर्मियों ने टैंकर को बचाने की बहुत कोशिश की, जो कथित तौर पर वेनेजुएला और ईरान से बैन तेल को ट्रांसपोर्ट करने को कहा था।*

### अब अमेरिका में बने उत्पाद खरीदेगा वेनेजुएला



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की है कि वेनेजुएला अमेरिका की मध्यस्थता वाली नई तेल डील से होने वाली कमाई से सिर्फ अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा। वेनेजुएला ने इस पर सहमति जताई है। ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला हमारी नई ऑयल डील से मिले पैसे से सिर्फ अमेरिका में बने उत्पाद ही खरीदेगा। वेनेजुएला, अमेरिकी कृषि उत्पाद और अमेरिका में बनी दवाइयां, चिकित्सा उपकरण के साथ-साथ वेनेजुएला के बिजली ग्रिड और एनर्जी सुविधाओं को बेहतर बनाएंगे।

### जिसे कहा ड्रग्स तस्कर उसे व्हाइट हाउस बुलाया



कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो से ट्रंप ने एक घंटे बात की और व्हाइट हाउस आने का न्योता भी दिया। ट्रंप ने कहा कि पेट्रो से बात करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात थी। ट्रंप ने पेट्रो को अच्छा इंसान बताते हुए कहा कि मैं उनके लहजे की सराहना करता हूं।

### नारकोटिक्स की आड़ में संसाधन पर कब्जा



*वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि अमेरिका के नारकोटिक्स के आरोप केवल बहाना थे और असली मकसद संसाधनों पर कब्जा करना था। उन्होंने अमेरिका सहित सभी देशों के साथ ऐसे ऊर्जा समझौतों की ओर खुलेपन की बात कही, जिससे सभी पक्षों को लाभ हो। उन्होंने सभी देशों को एकजुट होने की अपील की।*

---

**सीनेटरों से चर्चा के बाद ट्रंप का फैसला**

## रक्षा बजट 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साल 2026 के लिए रक्षा बजट को 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल के जरिए बताया कि यह फैसला सीनेटरों, कांग्रेस सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट 1 ट्रिलियन डॉलर नहीं होना चाहिए, बल्कि 1.5 ट्रिलियन डॉलर होना चाहिए। इस अतिरिक्त खर्च से अमेरिका एक ड्रीम मिलिट्री बना सकेगा, जो किसी भी दुश्मन के खिलाफ देश को पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत रखेगी। ट्रंप ने कहा कि अगर टैरिफ से इतनी ज्यादा कमाई नहीं होती तो वह बजट को 1 ट्रिलियन डॉलर तक ही सीमित रखते।



### ट्रंप को जाना होगा... रात भर सड़कों पर प्रदर्शन

*अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के मिनियापोलिस शहर में यूएस इमिग्रेशन (आईसीई) एजेंट ने 37 साल की एक महिला को गोली मार दी। महिला की हत्या के बाद शहर में स्थानीय लोगों ने नारे लिखी तख्तियां लेकर राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने शूटिंग की निंदा की और आईसीई को वहां जाने के लिए कहा है। तख्तियों पर लिखा है, 'ट्रंप को जाना होगा, आईसीई राज्य से बाहर जाओ'।*

### 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अलग हुआ अमेरिका

*ट्रंप ने बुधवार को एक अहम मेमोरेंडम पर हस्ताक्षर करते हुए अमेरिका को 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों और संस्थाओं से अलग करने का फैसला लिया है। इस सूची में भारत की अगुवाई वाला इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए) भी शामिल है। व्हाइट हाउस का कहना है कि ये संगठन अमेरिका के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं और अमेरिकी करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र निकायों और 31 संयुक्त राष्ट्र से जुड़े संगठनों से अमेरिका को बाहर निकालने का आदेश दिया है।*

---

भारतीय सेना का अहम फैसला

## खरीदें जाएंगे स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन, 2000 करोड़ रुपए खर्च होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना स्वदेशी 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन की बड़ी खेप खरीदने जा रही है। ये आत्मघाती ड्रोन विस्फोटकों से लैस होंगे और दुश्मन के इलाके में घुसकर उनके ठिकाने को तबाह कर देंगे।

ये ऐसे ड्रोन हैं, जो जैमिंग (रडार सिग्नल जाम करने) और स्पूफिंग (गलत रडार सिग्नल भेजने) वाले माहौल में भी अपना काम पूरा करने में सक्षम होते हैं।

### कुछ महीनों में आर्मी को मिलेंगे ड्रोन

*इस ऑर्डर को पूरा करने के लिए कई भारतीय कंपनियां आगे आएंगी, ताकि विदेशी कंपनियों पर से निर्भरता कम हो सके और आत्मनिर्भर भारत की मुहिम आगे बढ़ सके। इस ऑर्डर से एक ऐसा स्वदेशी औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे सेना को जब भी जरूरत पड़े, भारतीय कंपनियां ऐसे सिस्टम तैयार करके दे सकें। ये टेंडर फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया की तहत जारी होंगे।*



### कई यूनिटें बनाएंगे

सूत्रों के अनुसार शुरू में यह ठेका करीब 2,000 करोड़ रुपए का होगा और आने वाले वर्षों में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की संभावना है। क्योंकि, आर्मी अपनी कई तरह की यूनिट को 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन से लैस करने की योजना पर काम कर रही है।

---

भारत-लिकटेंस्टीन के बीच अहम बैठक

## व्यापार, इनोवेशन, प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने लिकटेंस्टीन की डिप्टी पीएम और विदेश मामलों की मंत्री सबाइन मोनाउनी से दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बातचीत की है।

पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि बातचीत के दौरान व्यापार विस्तार, इनोवेशन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी से जुड़े अवसरों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत-ईएफटीए टीईपीए के संचालन के बाद पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी विचार किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक अनोखी साझेदारी है, जिसमें भारत प्रतिभा, विशाल क्षमता और मजबूत मांग प्रदान करता है, जबकि लिकटेंस्टीन उच्च मूल्य वाले विनिर्माण और विशिष्ट इंजीनियरिंग में योगदान देता है।

---

## घास का आशियाना 'भेलाघर'



असम के नागांव में, गुरुवार को 'माघ बिहू' त्योहार से पहले, मजदूर पुआल और बांस से बना एक अस्थायी शेल्टर, 'भेलाघर', जहाज के आकार में तैयार करते हुए।

---

**बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का अंतरिम सरकार पर बड़ा आरोप**

हादी हत्याकांड से भारत को जोड़ना पूरी तरह निराधार

## हिंदुओं की हत्याएं एक पैटर्न का हिस्सा अशांति के लिए यूनुस ही 'जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के लिए जिम्मेदार पूरी तरह से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार और तख्तापलट के बाद उसके द्वारा सशक्त की गई चरमपंथी ताकते हैं।

बांग्लादेश को हिंसा की आग में झोंकने वाले उस्मान हादी हत्याकांड पर उन्होंने कहा कि इस मामले को भारत से जोड़ने का प्रयास जानबूझकर और पूरी तरह से निराधार है। बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के लिए लगातार असुरक्षित होता जा रहा है क्योंकि सरकार सभी नागरिकों की समान रूप से रक्षा करने के अपने सबसे बुनियादी कर्तव्य में विफल रही है।

**यूनुस सरकार रक्षा करने के बुनियादी कर्तव्य में विफल**



मोहम्मद यूनुस, पूर्व पीएम शेख हसीना

### धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसा को वैध बनाया गया

*पूर्व पीएम ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने के बजाय, अंतरिम अधिकारियों ने देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया है, मनगढ़ंत राजनीतिक आरोपों पर सैकड़ों हजारों नागरिकों को हिरासत में ले लिया है, धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसा को वैध बना दिया है। कानून के शासन की जगह भीड़ की हिंसा को लेने की अनुमति दी गई है। इसके घरेलू स्तर पर विनाशकारी परिणाम होंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी प्रतिष्ठा को स्थायी नुकसान होगा। चुनिंदा जगह कानून लागू करके या धमकी देकर कानून और व्यवस्था बनाए नहीं रखी जा सकती।*

### तारिक वास्तविकताओं से दूर

पूर्व पीएम ने कहा कि तारिक रहमान सालों से लंदन में निर्वासन में रह रहे थे, जो आम नागरिकों द्वारा सामना की जाने वाली दैनिक वास्तविकताओं से बहुत दूर है। सार्वजनिक धन के गबन में अपनी दिवंगत मां, पूर्व प्रधान मंत्री खालिदा जिया को उकसाने में अपनी भूमिका के कारण वह देश छोड़कर भाग गए थे। यह राजनीतिक असहमति का मामला नहीं है, बल्कि जवाबदेही और अखंडता का मामला है।

### अपराधियों पर मुकदमा नहीं

शेख हसीना ने कहा कि धार्मिक हिंसा के भयानक कृत्यों के अपराधियों पर कभी भी मुकदमा नहीं चलाया गया और उनके पीड़ितों को न्याय से वंचित किया गया, जबकि यूनुस स्वयं इन कृत्यों के पीछे स्पष्ट रूप से धार्मिक प्रेरणाओं से इनकार करते रहे हैं।

---

भारत के आगे झुका बांग्लादेश

## ऊर्जा समझौते के तहत साल भर 1.80 टन डीजल खरीदी पर तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच ऊर्जा सहयोग को लेकर एक अहम समझौता हुआ है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जनवरी से दिसंबर 2026 के बीच भारत से 1 लाख 80 हजार टन डीजल आयात करने का फैसला किया है।

यह डीजल भारत की सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड की सहायक इकाई नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड से खरीदा जाएगा। इस डीजल आयात को बांग्लादेश की सरकारी खरीद पर सलाहकार समिति ने मंजूरी दी है। सचिवालय में मंगलवार को हुई बैठक में वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद की अध्यक्षता में यह फैसला लिया गया। इससे पहले अक्टूबर में आर्थिक मामलों पर सलाहकार समिति ने 2026 के लिए ईंधन आयात को स्वीकृति दी थी, जिसके बाद अब इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया है। इस डील की कुल लागत 119.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी लगभग 14.62 करोड़ बांग्लादेशी टका तय की गई है।



नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड

### बांग्लादेश ने वीजा सेवाएं रोकीं

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में स्थित अपने प्रमुख मिशनों में वीजा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया है। इसमें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित मिशन शामिल हैं। विदेश मामलों के सलाहकार एम तौहीद हुसैन ने बताया कि उन्होंने भारत में स्थित बांग्लादेश के तीन मिशनों को फिलहाल वीजा सेवाएं बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है।

# गुड़-तिल-मूंगफली टेस्टी भी-हेल्दी भी

बच्चो, जाड़े के मौसम में बहुत सी हेल्दी चीजें खाने को मिल जाती हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व भी आता है, इस अवसर पर तिल-मूंगफली से बने व्यंजनों के खाने का एक अलग मजा है, जो हमारी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में और कौन-कौन सी हेल्दी-टेस्टी चीजें खाई जा सकती हैं, जो हमें फिजिकली-मेंटली फिट रखती हैं, जानो।



सीजनल डाइट
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हेल्दी डाइट से ही हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ आहार में बहुत-सी चीजें शामिल होती हैं, जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध-दही। बहुत से फूड आइटम्स भी हमारी हेल्दी डाइट का हिस्सा होते हैं। हमारे देश में तो मौसम के हिसाब से भी खान-पान तय किया गया है। तुमने देखा होगा कि घर में मौसम के बदलते ही खाने-पीने की चीजें भी बदल जाती हैं। इन दिनों जाड़े में मूंगफली, तिल और गुड़ की बनी चीजें खूब दिख रही हैं। ये ट्रेडिशनल फूड आइटम्स सर्दियों के लिए एनर्जी बूस्टर हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व, साल भर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

### स्वास्थ्य के रक्षक

सर्दी के मौसम में खाए जाने वाले तिल-मूंगफली के पकवान बहुत न्यूट्रीशस होते हैं। ये हर एज ग्रुप के लोगों को पसंद आते हैं। इनकी तासीर यानी हमारे शरीर पर पड़ने वाला असर, गर्म होती है। जिसके चलते इनसे बनी सभी चीजें शरीर को ठंड से बचाती हैं। तिल की बने लड्डू हों या मूंगफली की चिक्की, सर्दियों में सबके साथ धूप में बैठकर या अलाव तापते हुए इन्हें खाने का मजा ही कुछ और है! ठंड से बचाव करने और सेहत बनाने वाले ये क्रंची स्नैक्स, अपनों



के साथ समय बिताने का भी अवसर देते हैं। तिल और मूंगफली में न केवल प्रोटीन बल्कि कई विटामिन और ओमेगा 6 जैसे न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन दोनों में ही कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इसीलिए तिल के लड्डू खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। ये हमारी डाइजेस्टिव हेल्थ को बेहतर रखते हैं। वहीं पीनट्स यानी मूंगफली भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पीनट्स खाने से ब्रेन फंक्शनिंग भी सुधरती है। बच्चो, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है कि तिल और मूंगफली में हेल्दी फैट होता है। इसीलिए ठंड के मौसम में इन चीजों को जरूर खाना चाहिए। ये ठिठुराती सर्दी में खेलने-कूदने और एक्टिव रहने का एनर्जी बूस्टर डोज हैं।

### मिठास का सेहतमंद साथ

बच्चो, तिल, मूंगफली को जब गुड़ का साथ मिलता है, तो ये स्वादिष्ट ही नहीं और अधिक गुणकारी भी बन जाते हैं। तिल, गुड़ और मूंगफली, ये तीनों चीजें ठंड के मौसम के लिए सुपरफूड हैं। इनसे बनी चीजें खाने में बहुत टेस्टी लगती हैं। इन्हें स्कूल के टिफिन में ले जाना भी बहुत आसान है। तिल और मूंगफली तो पौष्टिक हैं ही, गुड़ में भी आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी और गर्माहट देने का काम करते हैं। गुड़ में विटामिन ए, सी और ई भी होते हैं। असल में गुड़ में मौजूद शुगर, सुक्रोज और फ्रक्टोज के रूप में होती है, इसलिए इसका स्वाद मीठा और तुरंत एनर्जी देने वाला होता है। यही कारण है कि गुड़ खाने से मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस भी कम होता है। गुड़ में मिठास ही नहीं जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। ये ना सिर्फ हमारे शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तिल और मूंगफली के लड्डू, गजक, बर्फी, तिलपट्टी, तिलकुट या चिक्की बनाने के लिए गुड़ का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में इन चीजों को खाना इम्यूनिटी, मूड और अपनेपन का मिठास भरा बूस्टर डोज बन जाता है।

### ट्रेडिशनल टेस्ट का कमाल

बच्चो, तिल, मूंगफली और गुड़ जैसी चीजों की न्यूट्रिशनल वैल्यू को हमारे बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझते आए हैं। सर्दियों में आने वाले त्योहार, जैसे मकर संक्रांति और लोहड़ी पर तो खासतौर पर इन चीजों को खाया जाता है। सर्दियों में हमारे घरों में इन चीजों से पारंपरिक और पौष्टिक मिठाई बनाने का ट्रेंड रहा है। आज भी विंटर सीजन में दादी-नानी तिल के लड्डू बनाकर भी अपना प्यार जताती हैं। बच्चो, समझना जरूरी है कि तिल, मूंगफली से बनी मिठाई,



स्नैक्स का बहुत हेल्दी ऑप्शन हैं। अगर सही पोर्शन में खाया जाए तो शरीर को इनसे कोई नुकसान नहीं होता। हमारा ट्रेडिशनल खान-पान शरीर, मन और मौसम के मुताबिक बने हुए हैं। बीमारियों से बचाने और इम्यूनिटी मजबूत करने वाले देसी नुस्खों में दादी, नानी और मम्मी का स्नेह भी भरा होता है। इसीलिए सर्दियों में इन सुपर फूड्स को खूब मन से खाओ। अच्छी सेहत बनाओ। इस कमाल के ट्रेडिशनल टेस्ट के लिए दादी-नानी का मन से आभार भी जताओ। *

# कैसे हुई पतंग की शुरुआत

हमारे देश में कुछ खास पर्व और अवसरों पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। बच्चे तो पतंगबाजी को खूब एंज्वॉय करते हैं। पतंग के आविष्कार और देश-विदेश में इसके प्रचलन का किस्सा बड़ा रोचक है। जानो, पतंग और पतंगबाजी से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

जानकारी
शिवानी छाया



बच्चो, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस पर्व के अलावा हमारे देश में वसंत पंचमी, स्वतंत्रता दिवस पर भी पतंगें उड़ाई जाती हैं। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना जैसे कई राज्यों में तो पतंगोत्सव यानी काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से आए लोग भाग लेते हैं। पतंगबाजी में बच्चे-बड़े सभी भाग लेते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं। बच्चो, तुम यह जानना चाहोगे कि पतंग उड़ाने की शुरुआत कब और कैसे हुई, जानो-

**चीन में हुई थी शुरुआतः** माना जाता है कि पतंग बनाने और उड़ाने की शुरुआत लगभग 2800 वर्ष पहले चीन के शानदोंग शहर में हुई थी। इस शुरुआत के पीछे एक रोचक किस्सा है- खेत में काम करने के दौरान एक चीनी किसान की टोपी बार-बार हवा में उड़कर इधर-उधर चली जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपनी टोपी एक डोरी से बांधकर रखने लगा। इससे उसकी टोपी हवा में उड़ती तो थी लेकिन इधर-उधर नहीं जाती थी। बस यहीं से पतंग बनाने के आइडिया ने जन्म लिया। विभिन्न स्रोतों के अनुसार दुनिया की शुरुआती पतंगें चीन के हुआंग थेग, मोजी और लुबान ने बनाई थीं। ये पतंगें कागज की नहीं, लकड़ी और रेशम से बनी होती थीं, जिसे 'वुडन बर्ड' यानी 'लकड़ी की चिड़िया' कहा जाता था। बाद में रेशम के कपड़े, बांस आदि की सहायता से पतंगें बनाई जाने लगीं। चीन में पतंग के आविष्कार की एक वजह यह भी थी कि उस दौर में पतंग बनाने का उपयुक्त सामान, जैसे- रेशम का कपड़ा, पतंग उड़ाने के लिए मजबूत रेशम का धागा और पतंग के शेप को सहारा देने के लिए हल्का और मजबूत बांस चीन में आसानी से उपलब्ध था।



चीन में बनी शुरुआती दौर की पतंग

**मनोरंजन नहीं था उद्देश्यः** आज हम पतंगबाजी को एक खेल के रूप में देखते हैं, इसे मनोरंजन के लिए उड़ाते हैं। लेकिन शुरुआत में पतंग उड़ाना मनोरंजन नहीं था। पतंग का प्रयोग संदेश भेजने, हवा की गति और दिशा का पता लगाने, जासूसी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता था। धीरे-धीरे उच्च और सामान्य वर्ग के लोगों की रुचि इसमे बढ़ती गई और पतंगबाजी शौक और मनोरंजन का साधन बन गई।

**भारत में पतंग का प्रसारः** पतंग बनाने की कला और इसे उड़ाने का शौक चीन, जापान, कोरिया, थाइलैंड जैसे देशों से होकर भारत पहुंचा। इसमें विदेशी यात्री, व्यापारी और बौद्ध भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देखते ही देखते पतंगबाजी भारत में काफी लोकप्रिय हो गई, यहां के पर्व-उत्सवों एवं संस्कृति का हिस्सा बन गई। आज बच्चे-बड़े सभी खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं, पतंग से जुड़े फेस्टिवल्स एंज्वॉय करते हैं। *

### पौराणिक ग्रंथों और इतिहास में पतंग

**बच्चो, मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने को लेकर एक पौराणिक मान्यता भी है। तमिल ग्रंथ 'तंदनान रामायण' के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार भगवान श्रीराम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक तक चली गई थी। तभी से मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। आधुनिक भारत के इतिहास की बात करें तो 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में 'साइमन गो बैक' लिखे काली पतंगें उड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। देश की आजादी के बाद उसी घटना की याद में स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हुई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गोलू-दादू की दोस्ती

बच्चो, तुमको अपने दादाजी-नानाजी से बात करने, उनके संग खेलने में भी फ्रेंड वाली फीलिंग आती होगी। हाल में छपकर आई किताब 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम एक प्यारे बच्चे गोलू और उसके दादू की दोस्ती से जुड़ी मजेदार कहानियां पढ़ सकते हो। इन नौ कहानियों में तुमको गोलू का नटखट स्वभाव, भोलापन और समझदारी देखने को मिलेगी। किसी कहानी में तुम पढ़ोगे कि गोलू के दादू, उसे बड़े प्यार से जीवन से जुड़ी उपयोगी सीख भी दे देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे दादू को गांव से अपने पास बुलाकर प्यारा सा सरप्राइज देता है! 'गोलू मेरा नाम' कहानी में जब तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे अपना नाम अभिनव के बजाय गोलू पुकारे जाने पर मुंह फुला लेता है और फिर दादू उसे उसकी गलती कुछ ऐसे समझाते हैं कि तुम हंसे बिना नहीं रहोगे। कामचोर का मतलब क्या होता है, इसका अर्थ समझने के लिए तुमको 'गोलू मस्त मोलू' कहानी पढ़नी होगी। किताब की अन्य कहानियां भी तुमको जरूर पसंद आएंगी। *



**किताब :** गोलू मेरा दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक :** गोविंद शर्मा
**मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** पंचशील प्रकाशन, जयपुर

## हंसगुल्ले

**चिक्की :** मिक्की, कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मिक्की :** तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।
-खुशी, रायपुर

**मिंकी (अपनी मम्मी से) :** मम्मी, क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**मम्मी :** नहीं तो! क्यों?
**मिंकी :** तो फिर रिंकी मुझसे क्यों कहती रहती है कि तेरी जुबान बहुत चलती है?
-काम्या, भोपाल

**चिंटू :** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मिंटू :** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-सुरेंद्र, रोहतक

## जीके क्विज-187

1. वूमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2. भारत किस देश को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है?
3. हाल में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला का क्या नाम है?
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
5. भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौन थे?
6. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
8. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य की नृत्य शैली है?



बच्चों, जीके क्विज-187 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-186 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2. 366 दिन, 3. 10 जनवरी, 4.मिजोरम, 5.मंगोलिया, 6.हाइड्रोजन, 7.माइटोकॉण्ड्रिया, 8.न्यूमिस्मेटिक्स, 9.गंगा डॉल्फिन, 10.विनय कुमार सक्सेना

**जीके क्विज-186 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आपु-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, रक्षित-बिलासपुर, अनन्या-दुर्ग, केशव-बिलासपुर, नमन-रोहतक, हर्ष-भोपाल, शिवांश-महासमुंद



कहानी
सरस्वती रमेश

राजू को तो यही पता था, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाई जाती हैं, लेकिन दादी ने बताया इस दिन दान दिया जाता है, जिसका एक अलग महत्व होता है। राजू को यह बात वास्तव में कितनी समझ में आई, क्या उसने मकर संक्रांति के दिन कोई दान किया?

# मकर संक्रांति का दान



राजू के घर आज सुबह-सुबह पूरे परिवार ने स्नान किया। फिर सबने मकर संक्रांति की पूजा की। तिल के लड्डू खाए। खाने में राजू की मम्मी ने आज स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई थी। दोपहर में सभी लोगों ने छत पर गुनगुनी धूप में बैठकर खिचड़ी खाई। मम्मी-पापा, दादा-दादी राजू और छोटी बहन पीहू ने खिचड़ी खाई। दादी ने राजू और पीहू से पूछा, 'जानते हो बच्चो, मकर संक्रांति के दिन क्या करते हैं?'

'हां.. हां.. जानता हूं। आज के दिन मजे से पतंग उड़ाते हैं।' राजू तपाक से बोला। 'हां पतंग तो उड़ाते हैं, लेकिन इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। गरीब लोगों को दान भी करते हैं। आज के दिन दान करने से उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।' दादी ने बताया।

'दान क्या होता है दादी?' पीहू ने भोलेपन से पूछा।

'दान मतलब किसी गरीब को कुछ देना। कोई खाने की चीज या वस्त्र आदि।' दादी बोलीं।

'फिर तो भैया आप मुझे अपनी बड़ी वाली पतंग दान कर दो न प्लीज।' पीहू ने मचलते हुए कहा तो सब हंस पड़े।

कुछ देर बाद राजू अपने पापा और बहन के साथ घर के पास ही ग्राउंड में पतंग उड़ाने गया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ रही थीं। बच्चे, बड़े सब पतंगें उड़ा रहे थे। तभी वहां एक बच्चा दिखाई दिया। वह पेड़ के पीछे खड़ा होकर सबको पतंगें उड़ाता हुआ देख रहा था। ठंड काफी थी, लेकिन उस बच्चे ने सिर्फ एक हाफ शर्ट और नेकर पहन रखी थी। राजू के पापा की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम यहां क्यों छिपे हुए हो?' 'सबको पतंगें उड़ता देख रहा हूं।' वह बच्चा बोला।

'तुम्हारी पतंग कहां है?' राजू ने उससे पूछा।

'मेरे पास नहीं है।' बच्चा उदास स्वर में बोला।

'और इतनी ठंड में तुमने स्वेटर क्यों नहीं पहन रखा है? तुम्हें ठंड नहीं लग रही क्या?' पापा को अचरज हो रहा था।

'लग रही है। स्वेटर गंदा हो गया था तो मां ने धोकर सूखने के लिए डाल रखा है।' बच्चे ने सकुचाते हुए बताया।

'तो दूसरा पहन लेते।' पास खड़ी पीहू बोली।

'दूसरा नहीं है।' लड़का धीमी आवाज में बोला।

'अच्छा तुम्हारा नाम क्या है?' पापा ने पूछा।

'मोनू।' लड़के ने बताया।

'तुम रहते कहां हो?' पापा ने जानना चाहा।

'वो सामने बस्ती में।' बच्चे ने अंगुली के इशारे से बताया।

'क्या तुम मेरे बेटे का पुराना स्वेटर ले लोगे।' पापा ने पूछा।

'मां से पूछकर बताऊंगा।' इतना कहकर वह जाने लगा तो राजू ने उसे रोक लिया।

'यह लो मेरी पतंग और मांझा, ठीक से उड़ाना।' राजू ने अपनी पतंग-मांझा उसके हाथों में पकड़ा दिया।

पतंग पाकर बच्चा खुश हो गया और दौड़ते हुए घर की ओर चला गया। राजू पापा के साथ घर लौट आया। पापा ने घर में बच्चे की बात सभी को बताई। यह भी बताया कि राजू ने उसे अपनी पतंग दे दी।

'लेकिन शाम को तो सर्दी और बढ़ जाएगी। हमें उसे गर्म कपड़े भी देने चाहिए।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'यदि उसने पुराने कपड़े न लिए तो?' पापा बोले।

'हम उसके लिए नए कपड़े देंगे।' राजू ने कहा।

'लेकिन इतनी जल्दी नए कपड़े आएंगे कहां से?' मम्मी बोलीं।

'आपने जो मेरे लिए नया स्वेटर खरीदा है, वही उसे दे दीजिए।' राजू तुरंत बोला।

'लेकिन वो तो तुम्हारे लिए है और महंगा भी बहुत है।' दादी बोलीं।

'दादी, सुबह आपने कहा था न कि आज गरीब को दान करना चाहिए। वह गरीब बच्चा है। उसे स्वेटर देंगे आज।' राजू ने दादी को सुबह वाली बात याद दिलाई। 'जरूर बेटा, तुमने तो संक्रांति की परंपरा को ठीक से समझ लिया है। ले आओ, अपना नया वाला स्वेटर। चलो अभी चलते हैं मोनू के घर।' पापा बोले।

राजू भाग कर अपने कमरे से स्वेटर ले आया और खुशी-खुशी पापा के साथ मोनू के घर की ओर चल पड़ा। घर में दादी, मम्मी और पीहू भी यह देखकर बहुत प्रभावित और खुश थे कि दयालु राजू के कारण एक गरीब का भला होगा। *

कविता
अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## एक पर्व के इतने नाम!

छोटे से मिस्टर अयान
सोच-सोच कर हैं हैरान
तिथि एक है, पर्व एक है
लेकिन इसके इतने नाम!
दक्षिण भारत में है पोंगल
उत्तर में कहलाता खिचड़ी
असम राज्य में बिहू कहते
पंजाबी कहते हैं लोहड़ी।
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा
में होता है मकर संक्रांति
पर पश्चिम बंगाल के अंदर
कहलाता है पौष संक्रांति।
इस दिन सूरज दिशा बदल
उत्तरी गोलार्ध में आ जाता है
रातें छोटी होने लगतीं
दिन लंबाई पा जाता है।
भुनी मूंगफली, गुड़ की पट्टी
तिल की गजक, रेवड़ी खाकर
पूरा देश मनाया करता
है यह पर्व, पतंग उड़ाकर।



## रंग भरो-193

**रंग भरो-193** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रुजुला, रोहतक



आशना, जांजगीर



पयोनिधि, अंबिकापुर



आन्या, दुर्ग



लालिमा, गरियाबंद



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देव्यांश-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सुमन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सौम्या-करनाल, रोहन-बिलासपुर, दिव्या-कोरबा, साकेत-बालोद

## रंग भरो 194



बच्चो, यहां पतंग उड़ा रहे एक बच्चे का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# एशेज सीरीज में हेड ने ठोके सर्वाधिक 629 रन, मिचेल ने चटकाए 31 विकेट

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के आखिरी टेस्ट मैच में 5 विकेट से हार मिली। कंगारू टीम को 161 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उन्होंने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पूरी सीरीज में अपना दबदबा कायम रखा। इस बीच सीरीज में सर्वाधिक रन, सर्वाधिक विकेट और अन्य रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 62.90 की औसत के साथ 629 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 शतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 170 रन रहा। हेड के अलावा और कोई भी बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना पाया। जो रूट दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 44.44 की औसत से 400 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 शतक निकला और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 160 रन रहा।

### मिचेल-कॉर्स ने चटकाए सबसे ज्यादा विकेट

मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने 5 मैच की 10 पारियों में 19.93 की शानदार औसत के साथ 31 विकेट अपने नाम किए। स्टार्क ने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/58 का रहा। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 30.31 की औसत से 22 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 का रहा।





### जोश, स्टोक्स और आर्चर ने लिए 5 विकेट हॉल

एशेज सीरीज 2025-26 में स्टार्क के अलावा 4 गेंदबाजों ने 5 विकेट हॉल अपने नाम किए। इंग्लैंड के जोश टंग, बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने ये कारनामा किया। वहीं, कंगारू टीम के लिए माइकल नेसर ने 5 विकेट हॉल लिए। टंग ने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 18 विकेट चटकाए। नेसर और स्टोक्स के नाम सीरीज में 15-15 विकेट आए। वहीं, आर्चर सिर्फ 3 टेस्ट खेल पाए और इसकी 6 पारियों में 9 विकेट लेने में सफल रहे।

### रूट, हेड, केरी, स्मिथ व बेथल ने भी जड़े शतक

सीरीज में रूट और हेड के अलावा सिर्फ 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए। एलेक्स केरी ने 5 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक के साथ 46.14 की औसत से 323 रन बनाए। स्टीव स्मिथ के बल्ले से 4 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 286 रन निकले। जैकब बेथल सिर्फ 2 टेस्ट खेले और इसकी 4 पारियों में 1 शतक की मदद से 51.25 की औसत से 205 रन बनाने में सफल रहे।

### सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद ऐसी है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में ऑस्ट्रेलिया की कुल 7वीं जीत साबित हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में अपनी टॉप पोजिशन को और मजबूत किया। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान (48.15) पर है।

**शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड** : टॉप पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की टीम ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 7 मुकाबलों में उसने जीत (हार-1) दर्ज की। दूसरे स्थान पर फिलहाल न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम है। कीवी टीम ने अब तक 3 मैच खेले हैं, 2 में उसे जीत और 1 में हार मिली है।

#### भारत सहित अन्य टीमों की स्थिति

दक्षिण अफ्रीका ने 4 में से अपने 3 टेस्ट जीतकर तीसरे स्थान पर, श्रीलंका एक टेस्ट जीतकर चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान 1 जीत और 1 हार के साथ 5वें स्थान पर बनी हुई है। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है।

#### इंग्लैंड ने इस चक्र में अपनी छठी हार झेली

इंग्लैंड ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अपनी छठी हार झेली। इंग्लिश टीम ने 10 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से उन्हें 3 में जीत मिली है और 1 टेस्ट उन्होंने ड्रॉ कराया है। फिलहाल इंग्लिश टीम 7वें स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड के नीचे बांग्लादेश 8वें और वेस्टइंडीज अंतिम 9वें स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### एसए20 शानदार मंच पर आईपीएल से तुलना नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी ने एसए20 लीग को दक्षिण अफ्रीका और दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी तुलना इंडियन प्रीमियर लीग से नहीं की जा सकती। डुमिनी ने कहा कि एसए20 लीग की शुरुआत से स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को दुनिया भर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के अधिक अवसर मिल रहे हैं जिससे देश के क्रिकेट को फायदा हो रहा है। डुमिनी ने एसए20 द्वारा आयोजित ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इसे आप आईपीएल के बराबर रख सकते हैं। मेरे लिए आईपीएल गोल्ड स्टैंडर्ड है और यह हमेशा ऐसा ही रहेगा।

### राठौर बने श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच



**कोलंबो।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को श्रीलंका क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। यह निर्णय टी-20 विश्व कप 2026 से पहले लिया गया है। राठौर ने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य किया था और वह 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत का हिस्सा भी रहे थे। श्रीलंका अब उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। वह राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़े हुए हैं। साल 2026 का विश्व कप भारत और श्रीलंका में होना है। विक्रम 15 जनवरी तक श्रीलंका की टीम से जुड़ने की उम्मीद है, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप की तैयारी में है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी प्रारंभिक टीम पहले ही घोषित कर चुकी है। टीम 7 जनवरी से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेलेगी।

### आईसीसी टूर्नामेंटों की चमक फीकी पड़ रही



**डरबन।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आईसीसी टूर्नामेंटों के प्रति लोगों का आकर्षण कम होता जा रहा है और इनकी चमक को बरकरार रखने के लिए 'प्रशासनिक दृष्टिकोण' से बदलाव करने की जरूरत है। मौजूदा क्रिकेट कैलेंडर में 10 महीनों के भीतर तीन विश्व कप आयोजित किए जा रहे हैं। महिला वनडे विश्व कप सितंबर और नवंबर 2025 के बीच खेला गया था। अब पुरुषों का टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जून जुलाई में महिला टी20 विश्व कप होगा। उथप्पा अभी एसए20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़द मैच और मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़द सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया, 4-1 से जीती एशेज सीरीज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 5वें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। सिडनी टेस्ट में जीत के लिए मिले 160 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशेन के 37 रनों की बदौलत हासिल किया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने इस प्रतिष्ठित सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़ द मैच और 31 विकेट हासिल कर मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़।

### ऑस्ट्रेलिया की रही मजबूत शुरुआत

इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक (160) की मदद से सभी विकेट खोकर 384 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) के शतकों की बदौलत 567 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। पहली पारी के आधार पर पिछड़ने वाली इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में जैकब बेथेल (154) के शतक की मदद से 342 रन बनाए। आखिर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

### रूट ने शतकों में रिकी पोंटिंग की बराबरी की

रूट ने 160 और 6 रन के स्कोर किए। रूट ने शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग की बराबरी की। बता दें कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग ने 168 टेस्ट में 41 शतकों की मदद से 13,378 रन बनाए थे। रूट अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वाधिक शतक (41) वाले बल्लेबाज बने। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ भारत के सचिन तेंदुलकर (51) और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (45) ने लगाए हुए हैं।



### इस सूची में शुमार हुए रूट

रूट 21वीं सदी में एक एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए कम से कम 2 शतक लगाने वाले चौथे इंग्लिश बल्लेबाज बने। बता दें कि पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन ने 2002-03 में 3 शतक लगाए थे। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 शतक अपने नाम किए थे। जोनाथन ट्रॉट ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई एशेज सीरीज में 2 शतक जड़े थे।

### ट्रेविस हेड ने लगाया बड़ा शतक

हेड ने पहली पारी में 163 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 12वां और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5वां टेस्ट शतक साबित हुआ। वह दूसरी पारी में 29 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने एशेज सीरीज 2025-26 में 5 मैचों की 10 पारियों में 62.90 की औसत से 629 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी लगाए है। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना सका।

### हेड 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे प्लेयर

क्रिकइंफो के अनुसार, हेड 21वीं सदी की शुरुआत से एशेज सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले स्टीव स्मिथ, एलिस्टर कुक और माइकल वॉन ऐसा कर चुके थे। स्मिथ ने 2 बार 2019 में 774 रन और 2017-18 में 687 रन बनाए थे। कुक ने 2010-11 में 766 रन अपने नाम किए थे। वॉन ने 2002-03 में 633 रन बनाए थे।

### स्मिथ ने शतक में तोड़ा द्रविड़ का रिकॉर्ड

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाया। स्मिथ ने टेस्ट शतकों के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। बता दें कि द्रविड़ ने 36 शतकों की मदद से 13,288 रन बनाए थे। स्मिथ अब टेस्ट क्रिकेट में छठे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। बता दें कि सर्वाधिक शतक तेंदुलकर (51) ने लगाए थे। उनके बाद कैलिस (45), पोंटिंग (41), रूट (41) और कुमार संगाकारा (38) हैं।यह एशेज सीरीज के इतिहास में स्मिथ का कुल 13वां शतक रहा। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सीरीज में शतकों के मामले में जैक हॉब्स (12 शतक) को पीछे छोड़ा। अब एशेज में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (19) ने लगाए हुए हैं। इस शतकीय पारी के दौरान स्मिथ एशेज में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

बैडमिंटन

# सिंधू जीत के साथ मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चीन की गाओ फांग जी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### ऐसा रहा सिंधू का मियाजाकी से रोमांचक मुकाबला

तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाज़ाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा।

एसए20 क्रिकेट

# कैपिटल्स ने डीएसजी को हराया होप का शतक, लुंगी की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| डरबन

शाई होप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया, जिसके बाद लुंगी एनगिडी ने लीग की पहली हैट्रिक विकेट हासिल की जिससे प्रिटोरिया कैपिटल्स ने डरबन सुपर जायंट्स (डीएसजी) को एक बड़े स्कोर वाले मैच में 15 रन से हराया।

होप ने 69 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए, जिसमें नौ छक्के और इतने की चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में सुपर जायंट्स की टीम 19.4 ओवर में 186 रन बनाकर आउट हो गई। सुपर जायंट्स की तरफ से जोस बटलर ने सर्वाधिक नाबाद 97 रन बनाए।

### लुंगी और पीटर्स ने चटकाए विकेट

कैपिटल्स के लिए एनगिडी ने 39 रन देकर तीन और गिडयोन पीटर्स ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए। सुपर जायंट्स को अंतिम ओवर में 18 रन की जरूरत थी लेकिन रोस्टन चेज ने उसे लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया। क्वेना मफाका और नूर अहमद दोनों के रन आउट होने के कारण बटलर तीन रन से शतक पूरा नहीं कर पाए।

### मुंबई इंडियंस तीसरे डब्ल्यूपीएल खिताब का प्रमुख दावेदार

**नवी मुंबई।** अपने पहले वनडे विश्व कप की जीत की खुशी में डूबी भारतीय महिला क्रिकेटर शुक्रवार से यहां शुरू हो रही चौथे महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगी, जो इस साल इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी की शुरुआत भी होगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में दो बार की विजेता और मौजूदा चैंपियन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का सामना डब्ल्यूपीएल में एकमात्र अन्य खिताब जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा जिसकी कमान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना संभाल रही हैं। चौथी डब्ल्यूपीएल का आयोजन दो चरणों में नवी मुंबई और वडोदरा में किया जाएगा। इसमें युवा खिलाड़ियों को दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। डब्ल्यूपीएल से खिलाड़ियों को जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का भी मौका मिलेगा।

# टी-20 विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की हुई सर्जरी

### न्यूजीलैंड सीरीज में खेलना हुआ संदिग्ध



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद फरवरी में टी-20 विश्व कप भी खेला जाएगा। इस प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों में जुटी भारतीय टीम के लिए चिंताजनक खबर है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की 'टेस्टिकुलर टॉर्शन' की सर्जरी हुई है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

### विश्व कप में खेलने पर भी हुआ संदेह

स्पोर्ट्स तक के मुताबिक, विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में हैदराबाद के आखिरी लीग स्टेज मैच से एक दिन पहले, 7 जनवरी की सुबह तिलक के पेट में दर्द हुआ। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई। खबरों के मुताबिक, उनकी सफल सर्जरी हुई है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, और विश्व कप में खेलने को लेकर भी उन पर संदेह है।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजे गए मिचेल, शेफाली, ग्रीव्स और डफी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दिसंबर 2025 के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को नामांकित किया। उन्होंने एशेज सीरीज 2025-26 में अपनी गेंदबाजी से अंतर पैदा किया।

आईसीसी ने स्टार्क के अलावा वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रीव्स और न्यूजीलैंड के जैकब डफी को भी नामित किया। महिलाओं में भारत की शेफाली वर्मा, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और सुने लुस को नामांकित हुई हैं।





### स्टार्क ने एशेज सीरीज में लिए 31 विकेट

स्टार्क ने दिसंबर 2025 में एशेज सीरीज के दौरान गेंदबाजी में 16 विकेट लिए थे और बल्लेबाजी में 139 रन बनाए थे। एशेज 2025-26 में स्टार्क ने 10 पारियों में 19.93 की औसत के साथ 31 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58 रन पर 7 विकेट लेना रहा। कोई भी दूसरा गेंदबाज 25 विकेट के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है।

### दिसंबर में शेफाली ने किया था कमाल

दिसंबर 2025 में शेफाली ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में कमाल किया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 5 पारियों में 80 की औसत से 241 रन बनाए थे। वोल्वार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार 2 शतक (124 और 100*) रन बनाए थे। वह सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थी। उनकी साथी खिलाड़ी लुस ने आयरलैंड के विरुद्ध सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।

### ग्रीव्स का ऐसा रहा प्रदर्शन

ग्रीव्स ने न्यूजीलैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज में 6 पारियों में 56.60 की औसत के साथ 283 रन बनाए थे। वह अपनी टीम की ओर से उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में नाबाद दोहरा शतक 202* लगाया था और मैच को ड्रॉ कराया था।

### चीन में होने वाली स्पर्धा के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

# एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक (शॉट-पुट) खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर छह से आठ फरवरी तक चीन के तियानजिन में होने वाली 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तीन फरवरी को रवाना होगी। तूर के अलावा युवा गोला फेंक खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल भी शामिल हैं।





### लंबी कूद और फर्राटा धावकों से लबरेज है टीम

लंबी कूद के खिलाड़ी शाहनवाज खान और त्रिकूद में अनुभवी खिलाड़ी प्रवीण चित्रवेल भी नए सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन) और मणिकांत होब्लिधर (60 मीटर) इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं। देश की शीर्ष महिला फर्राटा धाविका नित्या गंधे और अभिनया राजाराजन 60 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि मौमिता मंडल महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में भाग लेंगी।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**पुरुष** : मणिकांत होबलीधर (60 मीटर), तेजस शिरसे (60 मीटर बाधा दौड़), जे आदर्श राम (ऊंची कूद), सीवी अनुराग और शाहनवाज खान (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (त्रिकूद), समरदीप सिंह गिल, तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन)।

**महिला** : नित्या गंधे, अभिनया राजराजन (60 मीटर), मौमिता मंडल और प्रज्ञान प्रशांति साहू (60 मीटर बाधा दौड़), पूजा (ऊंची कूद), एंसी सोजन और मौमिता मंडल (लंबी कूद), योगिता (शॉट पुट) और केए अनामिका (पेंटाथलॉन)।




# फर्जी विधानसभा पार्किंग पास मामले में जमानत अर्जी निरस्त

### भोपाल निवासी यासीन मछली का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश विधानसभा का फर्जी पत्रकार पार्किंग पास निजी वाहन में उपयोग करने के आरोपी भोपाल निवासी यासीन अहमद उर्फ मछली को किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त करते हुए कहा कि मामला सीधे तौर पर विधानसभा की सुरक्षा से जुड़ा है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने आरोपी के आपराधिक रिकार्ड को भी जमानत न दिए जाने का एक महत्वपूर्ण आधार माना। मामला भोपाल के अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध से संबंधित है। शासकीय अधिवक्ता सीएम तिवारी के अनुसार 25 जुलाई, 2025 को एक न्यूज पोर्टल के संपादक गौरव शर्मा की शिकायत पर जांच शुरू हुई थी। शिकायत में बताया गया कि दिसंबर, 2024 के विधानसभा सत्र के लिए गौरव शर्मा के नाम से जारी पत्रकार पार्किंग पास क्रमांक-433 को यासीन अहमद उर्फ मछली ने कथित तौर पर छेड़छाड़ कर या फर्जी तरीके से अपनी निजी गाड़ी में लगाकर इस्तेमाल किया, जबकि पास किसी अन्य वाहन के लिए जारी हुआ था।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलीलों के बावजूद सरकारी वकील ने आरोपी को लिस्टेड अपराधी बताते हुए जमानत का कड़ा विरोध किया। हाई कोर्ट ने केस डायरी के अवलोकन के बाद माना कि पत्रकार के नाम पर जारी पास का निजी वाहन पर उपयोग कर विधानसभा परिसर जैसे अति-संवेदनशील क्षेत्र के आसपास पहुंचना सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इसी आधार पर कोर्ट ने जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# नए कर्मचारियों के प्रोबेशन पीरियड में वेतन कटौती अवैध



### हाईकोर्ट का अहम फैसला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नए कर्मचारियों के प्रोबेशन पीरियड में उनकी वेतन कटौती को अवैध ठहराया है। जस्टिस विवेक रूसिया एवं जस्टिस दीपक खोत की डिवीजन बेंच ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 12 दिसंबर 2019 को जारी सर्कुलर को भी निरस्त कर दिया, जिसमें प्रोबेशन पीरियड के दौरान कर्मचारियों के वेतन कटौती का प्रावधान किया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि प्रोबेशन काल के दौरान कर्मचारी को पूर्ण (शत प्रतिशत) वेतन देना होगा। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी का प्रोबेशन के दौरान वेतन काटा गया है, तो उसका भुगतान करें। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब सरकार कर्मचारियों से 100 फीसदी काम ले रही है तो आखिर उनका वेतन कैसे काटा जा सकता है।

छिंदवाड़ा निवासी आदित्य मिश्रा सहित कई जिलों के कर्मचारियों ने याचिका दायर कर प्रोबेशन पीरियड के दौरान वेतन कटौता को चुनौती दी थी। याचिकाओं में कहा गया कि शासन के उक्त परिपत्र में प्रावधान है कि सरकार की नई भर्तियों में कर्मचारियों को पहले साल 70 प्रतिशत, दूसरे साल 80 और तीसरे साल 90 फ़ीसदी वेतन दिया जाएगा। चौथे वर्ष से नियमित होने पर ही कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया जाएगा। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत प्रोबेशन पर भी लागू होगा। अदालत ने साफ किया कि नियमित काम लेने पर कर्मचारियों को पूरा न्यूनतम वेतन देना होगा। कोर्ट ने वेतन से की गई सभी रिकवरी को भी अवैध ठहराया। कोर्ट ने कहा कि उन तमाम कर्मचारियों को वेतन कटौती की राशि एरियर्स के रूप में वापस करे जो उनकी सैलरी से प्रोबेशन पीरियड में काटी गई थी।

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग में सहायक संचालकों की भर्ती हाईकोर्ट के फैसले के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग में सहायक संचालकों की भर्ती को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। दरअसल, नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने लोक सेवा आयोग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य से जवाब तलब किया है।

बालाघाट निवासी नितिन कुमार मेश्राम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र शाह एवं काजल विश्वकर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विभाग ने सहायक संचालक (तकनीकी) के 11 पदों की भर्ती निकाली है। कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता उक्त भर्ती प्रक्रिया मे अनुसूचित जाति वर्ग के रूप मे शामिल हुआ था। अयोग द्वारा 6 दिसंबर 2025 को रिजल्ट जारी किया गया जिसमे याचिका कर्त्ता का नाम तथा अंक घोषित नहीं किए गए। दलील दी गई कि चयन सूची में इसी वर्ग के एक अन्य उम्मीदवार का नाम शामिल किया गया, जबकि याचिकाकर्त्ता को अनारक्षित वर्ग की प्रतीक्षा सूची में क्रमांक दो पर रखा गया है। अनारक्षित में अंतिम चयन उम्मीदवार के 74 अंक हैं। इससे जाहिर है कि याचिकाकर्ता को 74 से कुछ कम अंक मिले होंगे। यह दलील भी दी गई कि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को अनारक्षित वर्ग की प्रतीक्षा सूची में रखने का प्रावधान नहीं है।

# चिकित्सा विशेषज्ञों का सम्मेलन आज से जबलपुर में



### शहर को मिली मेजबानी, देश भर से जुटेंगे विशेषज्ञ

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) मेडिकल कॉलेज में 'इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स' (आईएपीएम) के तत्वाधान में आज 9 से 11 जनवरी तक मध्य प्रदेश चैप्टर के 16वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह पहला अवसर है जब जबलपुर इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेन्स की मेजबानी कर रहा है। डॉ. शिशिर चनपुरिया ने बताया कि देश के विख्यात चिकित्सा संस्थानों का होगा समागम इस तीन दिवसीय शैक्षणिक महाकुंभ में देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों जैसे एम्स दिल्ली, टीएमएच मुंबई, पीजीआई चंडीगढ़ और आईएलबीएस दिल्ली के वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय तोतड़े ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम नवाचारों और तकनीकी बदलावों पर चर्चा करना है। सम्मेलन की शुरुआत 9 जनवरी को एक 'हैंड्स-ऑन' प्री-कॉन्फ्रेन्स वर्कशॉप से होगी, जिसके बाद 10 और 11 जनवरी को मुख्य सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें हेमेटोलॉजी, साइटोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध पत्र पढ़े जाएंगे।

### शोध और पर्यटन का संगम

आयोजन सचिव डॉ. ओ.पी. भार्गव के अनुसार, इस कार्यक्रम में देशभर से 400 से अधिक डेलीगेट्स के शामिल होने की उम्मीद है। यह सम्मेलन न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान का माध्यम बनेगा, बल्कि जबलपुर के पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। बाहर से आने वाले चिकित्सकों के लिए भेड़ाघाट, धुआंधार जलप्रपात और कान्हा-पेंच जैसे राष्ट्रीय उद्यानों की यात्रा भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# जीआरपी ने स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक (रेल) शिमाला प्रसाद के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) भावना मरावी एवं पुलिस उप अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में जीआरपी जबलपुर द्वारा स्थाई वारंट की तामीली की कार्रवाई की गई। 7 जनवरी 2026 को थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में गठित टीम ने प्रकरण क्रमांक 8630/23, अपराध क्रमांक 535/23 धारा 379 आईपीसी के तहत जारी स्थाई वारंटी विनोद चौधरी पिता राम सिंह चौधरी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम भूला, थाना स्लीमानाबाद, जिला कटनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां स्थाई वारंट तामील कराया गया। इस कार्रवाई में जीआरपी जबलपुर के प्रधान आरक्षक संतोष चौबे (22), आरक्षक राजा जैन (443) एवं आरक्षक हेमंत चक्रवर्ती (180) की सराहनीय भूमिका रही।

# टिकिट जांच में रेलवे ने वसूले 48.93 करोड़

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के दौरान चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के 09 महीनों (1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025) में वाणिज्य विभाग की टीम ने कुल 6 लाख 62 हजार से अधिक अनियमित/बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 48.93 करोड़ रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर और लक्षित जाँच अभियान चलाए गए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी मंडल में टिकट जाँच हेतु विशेष अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# शराब दुकानों के पास डिस्पोजल फेंकने पर कार्रवाई की जाए

### कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा व आबकारी की बैठक ली

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने फूड सेफ्टी, खनिज और आबकारी विभाग की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि वे खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करें और खाद्य सैंपलों के साथ-साथ उनके पंजीयन, लाइसेंस और स्टोर की भी जांच करें। कलेक्टर ने चौपाटी और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों के पास डिस्पोजल और ग्लास फेंकने पर कार्रवाई की जाए। संभागीय हाट बाजार की जांच के अलावा अंडा, मांस, शराब और रॉस्टेड चने की भी जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी खाद्य प्रतिष्ठान में वेज और नॉनवेज एक साथ नहीं रखा जाना चाहिए। कहीं भी फ्रोजन मीट नहीं होना चाहिए और स्कूल कैंटीन की भी मॉनिटरिंग की जाए। होटलों में स्टैंडर्ड ऑयल के साथ लो शुगर वेरायटी और लो सॉल्ट के संबंध में भी जांच की जाए। कलेक्टर ने खनिज और आबकारी विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक के कृषि पंप कनेक्शन मात्र 5 रुपये में

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए सिंचाई कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक के ऑनलाइन स्थाई कृषि विद्युत संयोजन के लिए आवेदन शुल्क को मात्र 5 रुपये निर्धारित किया है। यह सुविधा उन मामलों में दी जाएगी, जहाँ विद्युत लाइन विस्तार की आवश्यकता नहीं होगी। यह योजना मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में भी जारी है।कंपनी द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, अब तक प्रचलित व्यवस्था में किसानों से ऑनलाइन आवेदन के लिए 2500 रुपये पंजीयन शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा कराई जा रही थी। नवीन निर्णय के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया है कि उपभोक्ता द्वारा स्थापित सर्विस लाइन की सुरक्षा नियमों की जांच के उपरांत मात्र 5 रुपये शुल्क में आवेदन स्वीकार किया जाएगा, जबकि शेष सुरक्षा निधि राशि प्रथम विद्युत बिल में समायोजित कर ली जाएगी।

# कार्रवाई : सफाई सेवा समिति पर लगाया 10 हजार रुपए का जुर्माना

### निगमायुक्त ने सुबह-सुबह किया निरीक्षण



**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार गुरुवार को तड़के औचक निरीक्षण पर निकले। सुबह-सुबह संग्रामसागर तालाब पहुंचे निगमायुक्त ने न केवल तालाब के सौंदर्यीकरण और सफाई के निर्देश दिए, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए वार्डों का भ्रमण भी किया। इस मौके पर निगमायुक्त ने देखा कि बाजनामठ के पास सफाई संतोषजनक नहीं है, जिस पर मां नर्मदा सफाई सेवा समिति के ठेकेदार पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया और नियमित रूप से सफाई करने की हिदायत भी दी।

### संग्रामसागर की लौटेगी आभा

ऐतिहासिक संग्रामसागर तालाब की महत्ता को देखते हुए निगमायुक्त ने इसके जल और आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने तालाब में फैली जलकुंभी और गंदगी को तत्काल सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

### वार्डों में घर-घर पहुंची 'स्वच्छता की जांच

तालाब के निरीक्षण के बाद, निगमायुक्त संभाग क्रमांक एक गढ़ा के विभिन्न वार्डों में पहुंचे। यहाँ उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने सीधे नागरिकों से संवाद कर कचरा गाड़ियों के आने के समय और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक लिया।

### रादुविवि श्रमसाध्य भत्ता वितरण मामला

# लोकायुक्त ने अधिकारियों को दस्तावेज सहित किया तलब

**जबलपुर।** श्रमसाध्य भत्ते के मामलें में बरती गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं को लेकर शिकायतों की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस ने इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के अधिकारियों को संबंधित दस्तावेजों सहित तलब किया है। इस मामलें को लेकर लोकायुक्त में की गई शिकातयों पर लोकायुक्त पुलिस ने जांच तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकायुक्त कार्यालय से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रकरण क्रमांक 252/ई/2025 के तहत जारी जांच में यह सामने आया है कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को श्रमसाध्य भत्ता दिए जाने की प्रक्रिया में शासन एवं विश्वविद्यालय समन्वय समिति के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इस मामले में लोकायुक्त पुलिस ने विश्वविद्यालय से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भत्ता किन आदेशों के तहत स्वीकृत किया गया व किन कर्मचारियों को, किस अवधि में और कितनी राशि का भुगतान हुआ, इसकी पूर्ण जानकारी तथा अतिरिक्त कार्य (ओवरटाइम) से संबंधित सत्यापित पंजी/रजिस्टर प्रस्तुत किए जाएं। जांच एजेंसी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि श्रमसाध्य भत्ते से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया से जुड़े विभाग/स्थापना/लेखाशाखा के जिम्मेदार अधिकारी 12 जनवरी 26 को आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहें।

### क्या हैं मामला?

लोकायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत शिकायत के अनुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में कर्मचारियों को दिए गए श्रमसाध्य भत्ते के वितरण में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोपित है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शासन के निर्देशों और निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 (एवं आगे की अवधि) तक कर्मचारियों को बिना वास्तविक अतिरिक्त कार्य कराए ही श्रमसाध्य भत्ता वितरित




# दहशतगर्दों का पुलिस ने निकाला जुलूस

### माढोताल और तिलवारा पुलिस की कार्रवाई



**जबलपुर।** माढोताल थाना पुलिस ने गुरुवार को सुअरमार बम के साथ वारदात करने की नीयत से घूमते पकडे गए एक आदतन अपराधी का जुलूस निकालकर उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर बीती रात क्षेत्र के कुख्यात बदमाश सौरभ यादव को वारदात की नीयत से सुअरमार बम लेकर घूमते दबोचा गया था । वह एक आदतन अपराधी है। उसके ऊपर माढोताल तथा बेलबाग थाने में हत्या के प्रयास व मारपीट सहित लगभग बीस से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं। गुरुवार को उक्त बदमाश को माढोताल थाने से जुलूस की शक्ल में अदालत में पेश करने ले जाया गया।

### आश्रम में पथराव करने वालों का जुलूस

इसी तरह 31 दिसंबर को तिलवारा उमाघाट स्थित एक आश्रम में ठहरे लोगों पर पथराव कर आतंक मचाने व एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने कें बाद तिलवारा पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका क्षेत्र में जुलूस निकाला।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240